RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028
सच्चाई से रुबरू
smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-266 जयपुर, मंगलवार, 24 मार्च 2026 मूल्य-4 रुपये

पश्चिम एशिया संकट पर पीएम मोदी ने संसद में दिया बयान

# 53 लाख टन पेट्रोलियम उपलब्ध, 41 देशों से कर रहे इंपोर्ट

### नागरिकों पर हमला नामंजूर, होर्मुज का रास्ता रोकना स्वीकार्य नहीं

नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत ने बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अहम चीजें होर्मुज से आती हैं। होर्मुज में फिलहाल जहाजों का आना-जाना मुश्किल हुआ है।

पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा।

पीएम ने कहा- 'सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।'

उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### इस समय पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक

मैं इस सदन में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और भारत पर असर पर बात रखने के लिए आया हूं। इस समय वहां हालात चिंताजनक हैं। जय शंकर जी ने सदन को जरूरी जानकारी दी है। 3 हफ्ते से ज्यादा समय से यह संकट को हो गया है। लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। पूरी दुनिया इसके जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।

### 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं

दुर्भाग्य से कुछ लोगों की मौत हुई और कुछ घायल हुए हैं। उनके परिवारों से बात की जा रही है। मदद पहुंचाई जा रही है। वहां रहने वाले भारतीयों को हमारे मिशन जरूरी मदद पहुंचा रहे हैं। भारत में और बाकी देशों में 24ङ्ग7 हेल्पलाइन जारी हैं। इनके जरिए जरूरी जानकारी दी जा रही है।

संकट की घड़ी में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### हमारी कोशिश है कि तेल-गैस संकट न हो

भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, फर्टिलाइजर जैसी जरूरी चीजें होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से आती हैं। युद्ध के बाद से ही यहां से जहाजों का आना जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है।

बावजूद इसके हमारी सरकार का ये प्रयास रहा है कि पेट्रोल-डीजल, गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित न हो। देश के सामान्य परिवारों को परेशानी भी कम से कम हो इस पर हमारा फोकस रहा है।

हम सभी जानते हैं देश अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत स्क्क्र आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चिता के कारण सरकार ने एलपीजी के डोमेस्टिक उपयोग को प्राथमिकता दी है। हमने देश में इसके उत्पादन को बढ़ावा दिया है। पेट्रोल डीजल की स्पलाई सुचारू रूप से होती रहे इस पर भी काम जारी है।

### जहां से संभव हो, वहां से सप्लाई होती रहे

पीएम ने कहा- बीते दशक में भारत ने संकट के इसी समय के लिकए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 65 लाख मीट्रिक टन की रिजर्व की व्यवस्था पर काम जारी है।

सरकार अलग अलग देशों के सप्लायर्स से संपर्क में है। प्रयास है जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं।

### एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है

हम जानते हैं एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है। ग्लोबल नीड को पूरा करने वाला सोर्स वेस्ट एशिया है। भारत पर इस युद्ध से उत्पन्न दुष्प्रभाव का असर कम हो इसके लिए एक रणनीति से काम कर रहे हैं।

जहां भी जरूरत है उस सेक्टर को जरूरी सपोर्ट दिया जा रहा है। भारत सरकार ने एक ग्रुप बनाया है जो हर रोज मिलता है जो आयात-निर्यात में आने वाली दिक्कतों पर निरंतर काम करता है।

### हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है

एक बड़ा सवाल ये है कि युद्ध का खेती पर क्या असर होगा। देश के किसानों ने हमारे अन्न् के भंडार भर रखे हैं। इसलिए हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न है। हमारा ये भी प्रयास है कि खरीफ सीजन की ठीक से बुआई हो सके। सरकार ने आपात स्थिति से निबटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। अतीत में भी हमारी सरकार ने दुनिया के संकटों का बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया था।

उस वक्त भी ग्लोबल सप्लाई चेन में कमी आ गई थी। दुनिया के बाजार में यूरिया की एक बोरी 3000 रुपए तक पहुंच गई थी। भारत के किसानों को यूरिया की एक बोरी 300 रुपए से भी कम कीमत में दिलाई गई। किसानों को ऐसे संकटों से बचाने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं।

पिछ्ले एक दशक 6 यूरिया प्लांट शुरू किए गए हैं। इससे सालाना 74 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया प्रोडक्शन कैपिसिटी जुड़ी है। इस दौरान डीएपी और एनपीकेएस जैसी खाद का घरेलू उत्पादन भी 50 लाख मीट्रिक टन बढ़ाया गया है।

### न्यूक्लियर एनर्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा

11 साल में देश में अपने सोलर पावर कैपिसिटी 140 गीगा वॉट तक पहुंचाई है। 40 लाख रूफ टॉप सोलर पैनल लगे हैं। गोवर्धन योजना के तहत 200 बायोगैस प्लांट काम कर रहे हैं। सरकार ने भविष्य की तैयारी बढ़ाते हुए शांति एप माध्यम से न्यूक्लियर एनर्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया है। अगले 5 साल में 1500 मेगावॉट नई हाइड्रो पावर कैपिसिटी जोड़ी जाएगी।

### जमाखोरी करने वालों पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा

वेस्ट एशिया विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमें हर चुनौती का सामना सब्र, संयम और शांत मन से करना चाहिए। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना चाहिए। जो लोग हालात का फ़ायदा उठाना चाहते हैं वे झूठ फैलाने की कोशिश करेंगे। हमें उनकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने देना चाहिए।

मैं इस सदन के ज़रिए सभी राज्य सरकारों से भी अपील करूंगा। ऐसे समय में ब्लैक मार्केट करने वाले और जमाखोर एक्टिव हो जाते हैं। इसके लिए कड़ी मॉनिटरिंग ज़रूरी है। जहां भी ऐसी शिकायतें आएं, तुरंत एक्शन लेना चाहिए। जब हर सरकार और देश का हर नागरिक मिलकर काम करेगा, तो हम हर चुनौती को चुनौती दे सकते हैं।

## तमिलनाडु चुनाव : राजग में सीटों का बंटवारा तय, भाजपा को 27 सीटें

चेन्नई (एजेंसी)।

तमिलनाडु चुनाव को लेकर राजग में सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया। सोमवार को चेन्नई स्थित अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) के मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक में इस समझौते पर अंतिम मुहर लगाई गई।

बैठक में अन्नाद्रमुक के महासचिव और राज्य पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पाडी के. पलानीस्वामी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहे। लंबे समय से चल रही बातचीत और कई दौर की बैठकों के बाद गठबंधन के प्रमुख दलों के बीच सहमति बनी। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा के लिए हुए इस समझौते के तहत अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन में भाजपा को 27 सीटें आवंटित की गई हैं। वहीं अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पाट्टाली मक्कल काची (पीएमके) को 18 सीटें व टी.टी.वी. दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) को 11 सीटें दी।

अन्य सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर बातचीत जारी है। अन्नाद्रमुक नेता एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने इस मौके पर बताया शेष सहयोगी दलों के साथ बातचीत चल रही है और जल्द ही पूरी सीट साझेदारी की औपचारिक घोषणा की जाएगी। वहीं भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदरराजन ने गठबंधन को मजबूत बताते हुए भरोसा जताया यह गठबंधन आगामी चुनाव में जीत हासिल करेगा।

## ईरान की धमकी- फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछा देंगे

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध का आज 24वां दिन है। ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके तटीय इलाकों या आइलैंड पर हमला किया गया, तो वे फारस की खाड़ी के समुद्री रास्तों पर बारूदी सुरंगें (माइन्स) बिछा देंगे। ईरान की नेशनल डिफेंस काउंसिल ने सोमवार को कहा कि इस रास्ते से गुजरने के लिए देशों को ईरान के साथ बातचीत करनी होगी। दुनिया की अहम शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट यहीं मौजूद है, जहां से दुनिया के 20% तेल का ट्रांसपोर्ट होता है।

ट्रम्प ने दो दिन पहले ईरान को धमकी दी थी कि अगर 48 घंटे में होर्मुज रूट नहीं खोला गया तो वो ईरान के पावर प्लांट पर बड़ा हमला करेंगे। इस धमकी की डेडलाइन आज रात खत्म होने वाली है। ईरान ने सीजफायर के लिए 3 नई शर्तें रखीं हैं। ईरान के एक बड़े अधिकारी ने लेबनानी मीडिया अल मयादीन से रविवार को कहा कि उनका देश पहले से तय योजना के हिसाब से काम कर रहा है। ईरान की तीन नई शर्त- इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बंद किया जाए, होर्मुज स्ट्रेट के लिए नए नियम बनाए जाएं और ईरान के खिलाफ माने जाने वाले मीडिया से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाए और उनका प्रत्यर्पण किया जाए।



जबकि इससे पहले ईरान कहा था कि सीजफायर के लिए भविष्य में दोबारा युद्ध न होने की गारंटी दी जाए, नुकसान का मुआवजा दिया जाए और पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध खत्म किए जाएं।

ईरानी अधिकारी का कहना है कि उनका देश तब तक कार्रवाई जारी रखेगा, जब तक दुश्मनों को सबक नहीं सिखा देता।

ईरान जंग के कारण चीन और हॉन्गकॉन्ग के शेयर बाजारों में करीब एक साल की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण आर्थिक सुस्ती की आशंका बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक वित्तीय बाजारों पर पड़ रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस स्थिति को देखते हुए आपात बैठक बुलाने का फैसला किया है, क्योंकि युद्ध के आर्थिक असर लगातार बढ़ रहे हैं।

इस बीच ईरान, इजराइल और खाड़ी देशों में हमले और जवाबी कार्रवाई जारी है, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।

## केरल भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग

### कांग्रेस का दावा- बेंगलुरु में 200 करोड़ का बंगला, हलफनामे में जानकारी छिपाई

कोलकाता

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि चंद्रशेखर का बेंगलुरु के पॉश इलाके कोरमंगला में 49,000 स्क्वॉयर फीट का बंगला है। जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपए के आसपास है।

केरल कांग्रेस ने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट करते हुए लिखा कि राजीव चंद्रशेखर आदतन अपराधी हैं। उन्हें लगता है कि वे इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया को बार-बार गुमराह कर सकते हैं। उनके एफिडेविट से यह भी पता चलता है कि अरबपति बिजनेसमैन होने के बावजूद उनके पास कोई रहने की प्रॉपर्टी या कार नहीं है। हम आपसे रिक्वेस्ट करते हैं कि इस मामले में दखल दें और पीपल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट के तहत कैंडिडेट को डिसक्वालिफाई करें। नहीं तो, जनता सवाल करेगी कि क्या चुनाव आयोग निष्पक्ष काम कर रहा है कि नहीं। पश्चिम बंगाल में आज सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट जारी हो सकती है। स्ढ्ढक्र के दौरान 'अंडर एडजुडिकेशन' में रखे गए करीब 63 लाख वोटरों में से 27 लाख के मामलों का वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है।

## गहलोत बोले- प्रदेश में हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात

### स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का राज्य सरकार पर हमला

जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान स्थापित मजबूत व विश्वस्तरीय स्वास्थ्य मॉडल को वर्तमान राज्य सरकार द्वारा कमजोर किया जा रहा है, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपनी पोस्ट में गहलोत ने कहा कि राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में निजी अस्पतालों के बकाया भुगतान नहीं होने से एक बार फिर संकट की स्थिति बन गई है। उन्होंने चेतावनी दी निजी अस्पताल ओपीडी और फार्मेसी सेवाएं बंद करने की तैयारी में हैं, जिससे सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के सामने इलाज का संकट खड़ा हो सकता है।

इसके साथ ही उन्होंने चिरंजीवी (मां) योजना को भी निशाने पर लेते हुए कहा इसे शिथिल कर दिया गया, जिसके कारण प्रदेशभर के अस्पतालों में इलाज में देरी हो रही है और आवश्यक दवाइयों की भारी कमी देखने को मिल रही है। जयपुर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों व जनाना अस्पताल का जिक्र करते हुए गहलोत ने लिखा कि यहां खून की भारी कमी बनी हुई है, जो 'हेल्थ इमरजेंसी' जैसे हालात पैदा कर रही है और यह स्थिति आम लोगों के जीवन के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि निजी ब्लड बैंकों पर लगी रोक को तुरंत हटाया जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। गहलोत ने अपनी पोस्ट में चाकसू विधानसभा क्षेत्र के 108 वर्षीय बुजुर्ग गोलूराम माली से मुलाकात का भी जिक्र किया।

## सीकर में नशा तस्करी करते युवती गिरफ्तार

**सीकर।** सीकर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष 'ऑपरेशन एंटी-वेनम' के तहत कार्रवाई की। सीकर जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताय- कोतवाली थाना पुलिस ने स्कूटी पर मादक पदार्थ की सप्लाई करते हुए एक युवती को गिरफ्तार किया है। वहीं इससे पहले 2 युवकों को गांजा व स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ा। सीकर कोतवाली थानाधिकारी सुनील जांगिड़ ने बताया- 22 मार्च की देर रात पुलिस टीम गश्त पर थी।

## एलपीजी की सप्लाई अभी चिंता का विषय, लेकिन सामान्य हुई सिलेंडर की डिलीवरी: सुजाता शर्मा

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा अब देश में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य हो गई है। पिछले तीन हफ्तों में लगभग 3.5 लाख घरेलू और कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं या चालू किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी की सप्लाई अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई कमी नहीं है। एलपीजी की घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है और डिलीवरी सामान्य है। सुजाता ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा अब तक 1.9 लाख उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा मौजूदा मांग का 50-60 फीसदी हिस्सा घरेलू एलपीजी का है। उन्होंने कहा सरकार 'जहां भी उपलब्ध हो' वहां से एलपीजी कार्गो ले रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच आज विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में ऊर्जा आपूर्ति, बंदरगाह संचालन और लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयासों को लेकर सरकार की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।




## श्रीगंगानगर में 40 हजार की रिश्वत लेते आरएफओ गिरफ्तार

### एनओसी जारी करने की एवज में मांगी रकम, ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दी

श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने क्षेत्रीय वन अधिकारी को 40 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वन अधिकारी ने एनओसी देने की एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत ली थी।

एसीबी ने बताया- शिकायतकर्ता की फर्म को रायसिंहनगर रेंज के तहत आने वाली 2 अलग-अलग माइनर नहरों से पेड़ों के ठूंठ निकालने का ठेका मिला था। काम पूरा होने पर वन अधिकारी को फर्म के लिए एनओसी जारी करनी थी।

आरोपी वन अधिकारी अशोक सिंह ने एनओसी जारी करने की एवज में फर्म से 1 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर दी। रिश्वत नहीं देने पर फर्म को ब्लैकलिस्ट करने और एनओसी जारी नहीं करने की भी धमकी दी।

मामला एसीबी के पास आया तो अति. पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कुमार और ब्यूरो स्टाफ ने ट्रैप कार्यवाही की।

सोमवार शाम को आरोपी क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक सिंह को शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और रिश्वत की राशि जब्त कर ली।

## राजस्थान में बारिश, फिर एक्टिव होगा वेस्टर्न डिस्टरबेंस

जयपुर

राजस्थान और दिल्ली के कई इलाकों में सोमवार सुबह-सुबह बारिश हुई। जबकि ओडिशा के पुरी में घना कोहरा छाया रहा। इससे भगवान जगन्नाथ का मंदिर धुंध में छिप गया। कोंकण-गोवा और केरल में आज मौसम उमस भरा रहेगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है।

देश में बैक-टु-बैक आ रहे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से कई राज्यों में तापमान घट गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दिल्ली, बिहार और झारखंड में दोपहर बाद मौसम सामान्य रहेगा।

IMD के मुताबिक 26 मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। जिसके असर से तेज बारिश, आंधी के हालात बनेंगे। लेकिन उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले 5 दिन में तापमान में 4-7°C तक की बढ़ोतरी हो सकती है।



### कई जिलों में बारिश, बालोतरा में ओले गिरे

राजस्थान में सोमवार को अचानक मौसम बदला। जयपुर, अजमेर, कोटा अलवर, भरतपुर, दौसा, डीडवाना सहित कई जिलों में बारिश हुई। बालोतरा में ओले भी गिरे। बारिश-ओलावृष्टि से हवा में ठंडक घुल गई। एक बार फिर लोगों को गुलाबी ठंड का एहसास हुआ।

जयपुर में सुबह करीब 8 बजे से गरज-चमक के साथ बरसात शुरू हुई। विजिबिलिटी कम होने के कारण राजधानी की सड़कों पर दिन में गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ीं।

अलवर में भी सुबह करीब 8 बजे से रिमझिम बरसात शुरू हुई थी। भरतपुर में सुबह करीब 9 बजे, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में सुबह करीब 7 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई थी।

उधर, बालोतरा जिले के समदड़ी में रविवार देर रात तेज ओलावृष्टि हुई थी।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में 24 मार्च को मौसम ड्राय रहने, जबकि 25, 26 मार्च को एक नया कमजोर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से 25 मार्च को 15 जिलों में बारिश के साथ आंधी चलने का अलर्ट है।

## ओम बिरला ने श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात, सहयोग और संबंधों पर दिया जोर

नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्रीलंका की संसद की मूलभूत ढांचा और सामरिक मुद्दों पर निगरानी समिति के अध्यक्ष एसएम मारिक्कर के नेतृत्व में आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर संसदीय सहयोग, द्विपक्षीय संबंधों और मूलभूत ढांचा क्षेत्र में साझेदारी को विस्तार देने पर जोर दिया।

संसद भवन में मुलाकात के दौरान ओम बिरला ने कहा कि भारत और श्रीलंका के रिश्ते केवल पड़ोसी देशों के नहीं हैं, बल्कि साझा संस्कृति और विरासत से जुड़े आत्मीय संबंध हैं। भारतीय संसद का बजट सत्र देश के विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा का अवसर देता है, जहां सरकार के खर्च और नीतियों की गहन समीक्षा कर भविष्य की दिशा तय की जाती है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय समितियों को 'मिनी संसद' बताते हुए कहा कि इन समितियों में मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर ठोस और प्रभावी निर्णय तैयार किए जाते हैं। उन्होंने भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूह को द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा देने वाला कदम बताया और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।



## लिटिल इंडिया शहर पर ईरान ने मारी मिसाइल, यहां रहते हैं भारतीय मूल के यहूदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने शनिवार शाम एक भयावह मोड़ ले लिया जब ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल दक्षिण इजराइल के शहर डिमोना पर दागी। यह शहर न केवल इजराइल के परमाणु रिएक्टर है, बल्कि अपनी विशाल भारतीय आबादी के कारण लिटिल इंडिया के नाम से भी मशहूर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मिसाइल एक कम्युनिटी बिल्डिंग पर गिरी, जिससे आसपास के पुराने मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। ज्यादातर लोग समय रहते शेल्टर में पहुंच गए थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डिमोना की करीब 30 फीसदी आबादी भारतीय मूल के यहूदियों की है, जिनमें से ज्यादातर महाराष्ट्र के हैं। यहां क्रिकेट भी काफी लोकप्रिय है और भारतीय मिठाइयां व स्नैक्स स्थानीय बाजारों में आसानी से मिल जाते हैं। यहां की गलियों में मराठी और भारतीय स्वाद रचे-बसे हैं। हमले के बाद पूरे समुदाय में डर का माहौल है। इजराइली रक्षा बल ने स्वीकार किया है कि उनका एयर डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल को इंटरसेप्ट करने में नाकाम रहा। ईरान ने इस हमले को अपने नतांज परमाणु केंद्र पर हुए हमले का बदला बताया है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने साफ किया है कि डिमोना स्थित परमाणु अनुसंधान केंद्र सुरक्षित है और वहां किसी नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं।

## महावीर जयंती पर गांधीनगर आएंगे पीएम मोदी, जैन संग्रहालय का कर सकते हैं उद्घाटन

अहमदाबाद (एजेंसी)। महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांधीनगर दौरे की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि पीएम मोदी 31 मार्च को जैन समुदाय को समर्पित एक विशेष संग्रहालय का उद्घाटन कर सकते हैं। यह संग्रहालय जैन आचार्य पद्म सागर सूरीश्वर महाराज के जीवन, उनके आध्यात्मिक प्रवास और धार्मिक योगदान को समर्पित होगा। इसमें उनके पदविहार (आध्यात्मिक यात्राओं) से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, संस्मरण और दुर्लभ सामग्री प्रदर्शित की जाएगी, जो उनके उपदेशों और जीवन दर्शन की गहरी झलक प्रदान करेगी। बताया जाता है कि आचार्य पद्म सागर सूरीश्वर महाराज ने अपने जीवनकाल में लगभग 2.5 लाख किलोमीटर की पदयात्रा की थी, जो जैन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। संग्रहालय में हस्तलिखित पांडुलिपियां, शिलालेख, मूर्तियां, पीतल की कलाकृतियां और धार्मिक विषयों पर आधारित चित्रों का समृद्ध संग्रह होगा। यह प्रदर्शनी जैन परंपराओं, तपस्या की विधियों और समुदाय की आध्यात्मिक विरासत को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए गांधीनगर में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

## लखनऊ के निशातगंज में बुजुर्ग महिला की हत्या, घर के अंदर मिला शव

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के पॉश इलाके निशातगंज में शनिवार शाम एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया। सचिवालय से रिटायर्ड 65 वर्षीय निर्मला देवी का शव उनके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना डायल 112 के जरिए महानगर पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि मृतका के दोनों हाथ बंधे हुए थे और गले पर गला घोंटने के गहरे निशान मौजूद थे। कमरे में किसी जबरन लूटपाट के स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। विक्रांत वीर के अनुसार शुरुआती जांच में मामला रंजिश या किसी करीबी की साजिश की ओर इशारा करता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। निर्मला देवी अपने बेटे-बहू के साथ रहती थीं, जबकि घर की दूसरी मंजिल पर किराएदार रहते हैं। पुलिस ने शक के आधार पर एक किराएदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## गुरुग्राम में प्रेम विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति गिरफ्तार

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में चार महीने पहले प्रेम विवाह करने वाली काजल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साढ़राणा गांव की निवासी काजल के भाई गुरदीप ने आरोपित पति अरुण शर्मा के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस की जांच में पता चला कि काजल को एनेस्थीसिया का इंजेक्शन दिया गया था, जिससे उसकी मौत हुई। पुलिस ने आरोपित अरुण शर्मा जो गाजियाबाद के बहटा हाजीपुर गांव के निवासी हैं, को सेक्टर 89 से गिरफ्तार किया। सेक्टर 93 चौकी पुलिस ने उन्हें तीन दिन के गहन रिमांड पर लिया है, ताकि मामले की पूरी तह तक जांच की जा सके। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों एक ही नर्सिंग होम में काम करते थे। काजल नर्स और अरुण कर्मचारी थे। नवंबर 2025 में उनके बीच प्रेम संबंधों के बाद घरवालों की मर्जी से विवाह हुआ था। शादी के बाद अरुण ने नौकरी छोड़ दी और पैसों की मांग करने लगा। होली के बाद काजल अपने मायके साढ़राणा में रह रही थी। 18 मार्च की सुबह दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। आरोपित ने पुलिस को बताया कि झगड़े के बाद उसने काजल को इंजेक्शन दिया। पुलिस ने घटनास्थल से दो वायल बरामद किए, एक डाइक्लोफेनेक और एक एनेस्थीसिया। अभियुक्त बार-बार अपने बयान बदल रहा है। पुलिस ने कहा कि तीन दिन के रिमांड में आरोपी से घटना के बारे में सटीक जानकारी ली जाएगी। मामला दहेज हत्या और घरेलू विवाद से जुड़ा है।

## प्रतापगढ़ में मधुमक्खियों के हमले में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

प्रतापगढ़ (एजेंसी)। फतनपुर नईकोट गांव में शनिवार को एक दर्दनाक घटना हुई। 50 वर्षीय मोहम्मद असलम पुत्र इकबाल मलिक शहद निकालने के लिए अपने घर के पास लगे पेड़ पर चढ़े। शहद निकालने की कोशिश के दौरान मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा। असलम ने जान बचाने के लिए पेड़ से उतरकर मदद मांगी। स्थानीय लोग घायल अवस्था में उन्हें सुवंसा बाजार के निजी क्लीनिक ले गए, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार और इंजेक्शन दिया गया। गंभीर हालत देख उन्हें मुंगरा बादशाहपुर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने शव लेकर घर लौटकर अंतिम संस्कार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिले में मधुमक्खियों के हमले पहले भी हो चुके हैं। सात महीने पहले कुंडा में घर के पास पानी भरते समय मधुमक्खियों ने वृद्ध महिला पर हमला किया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हुई थी।

# यूडीएफ ने सांप्रदायिक ताकतों के साथ गठजोड़ किया जनता उन्हें स्वीकार्य नहीं करेगी

### केरल सीएम विजयन ने चुनाव से पहले अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल गिनाए



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सीएम पिनाराई विजयन ने अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल का बचाव करते हुए बुनियादी ढांचे के विस्तार, सामाजिक क्षेत्र के पुनर्जीवन और दीर्घकालिक योजना को वामपंथी मोर्चे की लगातार तीसरी जीत की आधारशिला बताया। 2016 से अपनी सरकार के सफर पर विचार करते हुए विजयन ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने ऐसे समय में सत्ता संभाली थी जब 'सामान्य असंतोष' का माहौल था, लेकिन सरकार ने तेजी से बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन बनाते हुए प्राथमिकता दी। उन्होंने कांग्रेस-नेतृत्व वाले यूडीएफ पर सांप्रदायिक ताकतों के साथ गठजोड़ का आरोप लगाया और वामपंथ छोड़ने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जनता स्वीकार्य नहीं करेगी।

सीएम विजयन ने कहा कि कई मामलों में यूडीएफ सांप्रदायिक ताकतों के साथ खड़ा है। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनावों में कुछ स्थानों पर बीजेपी के साथ हाथ मिलाया। स्थानीय निकाय प्रमुखों के चयन में भी उनका समझौता था। यूडीएफ कुछ वोट और सीटों के लिए सांप्रदायिक समूहों के साथ जुड़ रहे हैं। हम, एलडीएफ, ऐसे कदमों के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी माकपा छोड़कर गए, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। वे हमारे और जनता के लिए गद्दार हैं। उन्हें जनता की स्वीकार्यता नहीं मिलेगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सबरीमाला मुद्दे पर सीएम ने कहा कि सबरीमाला मुद्दे का स्थानीय निकाय चुनावों पर ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा, यहां तक कि पांडलम में भी नहीं। पांडलम में परिणाम सकारात्मक रहे और लोगों की कुछ अपेक्षाएं थीं, जिन्हें सरकार ने पूरा करने की कोशिश की। हर स्थानीय निकाय की अपनी शासन संबंधी चुनौतियां होती हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में मतदान को प्रभावित करने वाले मुद्दे भी अलग होते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों में हुए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में पीएम मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए कुछ हिस्से राज्य के विकास की दिशा को स्पष्ट रूप से दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों, जो पहले अव्यवस्थित थे, उनमें अब व्यवस्थित रूप से सुधार हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में भी उन्होंने बड़े बदलाव का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल, जो कभी बंद होने की कगार पर थे और जहां करीब पांच लाख छात्र पढ़ाई छोड़ चुके थे, उन्हें 5,000 करोड़ रुपए के निवेश 50,000 स्मार्ट क्लासरूम, उन्नत प्रयोगशालाओं और बेहतर शिक्षक प्रशिक्षण के जरिए पुनर्जीवित किया गया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को नीति आयोग से मिली मान्यता इसका प्रमाण है।

बुनियादी ढांचा वित्तपोषण पर विजयन ने केरल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड के पुनरुद्धार को अहम बताया। 2016 में 50,000 करोड़ रुपए की शुरुआती योजना से निवेश 2021 तक बढ़कर 62,000 करोड़ हो गया और अब यह 1.10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादाहो चुका है। प्रमुख परियोजनाओं में हिल हाईवे और कोस्टल हाईवे शामिल हैं, जिनकी कुल लागत 10,000 करोड़ है। इसके अलावा पुल निर्माण कार्यक्रम भी 200 से अधिक संरचनाओं तक पहुंच चुका है। सीएम विजयन ने ÷विजन 2031÷ का जिक्र किया, जिसे विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार किया गया है और इसमें अगले पांच सालों के लिए क्षेत्रवार विकास लक्ष्य तय किए गए हैं। सीएम ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान केरल के प्रबंधन को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली और राज्य ने प्रभावी तरीके से महामारी को नियंत्रित किया। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में शिशु मृत्यु दर वैश्विक मानकों की तुलना में काफी कम है।

उच्च शिक्षा और अनुसंधान को भी उन्होंने प्राथमिकता बताया। देश के शीर्ष 100 कॉलेजों में से 18 केरल में होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अब 13 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने और कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार पर काम कर रही है, ताकि युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जा सके। राजनीतिक तौर पर सीएम विजयन ने बीजेपी की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा कि राज्य उसके लिए 'दरवाजा नहीं खोलेगा' और उन्होंने भविष्यवाणी की कि उसे एक भी सीट नहीं मिलेगी।

## ममता, बंगाल की मां-बहन और बेटी, उनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता : शत्रुघ्न सिन्हा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि राज्य में उनके कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। सिन्हा ने दावा किया कि बंगाल की जनता ममता बनर्जी को अपनी मां, बहन और बेटी मानती है और इस चुनाव में भी टीएमसी का दबदबा कायम रहेगा। राज्य में चुनावी शंखनाद हो चुका है और इस बार मतदान दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को 152 सीटों पर होगा, जबकि दूसरे चरण में 142 सीटों के लिए 29 चुनाव को वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 मई को की जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण की अधिसूचना 30 मार्च को जारी होगी। इस चुनावी गहमागहमी के बीच जमीनी स्तर पर तनाव भी दिखने लगा है। उत्तर 24 परगना के बारानगर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच हिंसक झड़प की खबरें आई हैं। स्थिति को संभालने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। भाजपा उम्मीदवार साजल घोष ने सत्ताधारी दल पर हिंसा का आरोप लगाया है, हालांकि पुलिस प्रशासन का कहना है कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। इस चुनाव का सबसे दिलचस्प मुकाबला भवानीपुर सीट पर होने की उम्मीद है, जहां से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मैदान में उतर सकती हैं। संभावना जताई जा रही है कि उनके सामने भाजपा के दिग्गज नेता सुवेंदु अधिकारी चुनौती पेश करेंगे। ज्ञात हो कि 2021 के चुनाव में नंदीग्राम सीट पर सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को एक कड़े मुकाबले में पराजित किया था, जिसके बाद ममता बनर्जी ने भवानीपुर उपचुनाव जीतकर विधानसभा में अपनी जगह बनाई थी। 2021 के चुनावी नतीजों की बात करें तो टीएमसी ने 215 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया था, जबकि भाजपा 77 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस और वाम दलों का खाता भी नहीं खुल सका था। इस बार भी मुख्य मुकाबला इन्हीं दो धुर विरोधियों के बीच माना जा रहा है। जहां टीएमसी अपने जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के दम पर सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में है, वहीं भाजपा सत्ता परिवर्तन के लिए पूरा जोर लगा रही है।



## मथुरा हादसे के बाद अफवाह फैलाने और पथराव के मामले में 13 गिरफ्तार, बाहरी तत्वों पर कार्रवाई

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के कोसीकलां थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे के बाद फैले तनाव और हंगामे के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि इस पूरी घटना में माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले और अफवाह फैलाने वाले तीन बाहरी मुख्य आरोपियों समेत कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह एक दुर्घटना थी, जिसे साजिश का रंग देने का प्रयास किया गया।

घटनाक्रम के अनुसार, कोसीकलां क्षेत्र में चंद्रशेखर उर्फ फरसा वाले बाबा ने नागालैंड नंबर के एक कैंटर को गोवंश की आशंका में रोका था। जब वह वाहन की जांच करने के लिए पीछे मुड़े, तभी घने कोहरे के कारण पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में फरसा वाले बाबा गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। राजस्थान के अलवर निवासी ट्रक चालक भी इस घटना में घायल हुआ था, जिसकी इलाज के दौरान आगरा में मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि ट्रक में तार लदे थे और कैंटर में किराने का सामान भरा था। बाबा के सहयोगी की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया था।

हादसे के बाद कुछ अराजक तत्वों ने यह अफवाह फैला दी कि बाबा की हत्या की गई है। इस भ्रामक जानकारी के चलते छाता थाना क्षेत्र में भीड़ जमा हो गई और नेशनल हाईवे को जाम कर दिया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी किया। एसएसपी ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने बाहरी लोगों को समझाने की कोशिश की थी कि मामला महज एक दुर्घटना है, लेकिन आरोपियों ने जानबूझकर सरकारी कार्य में बाधा डाली और माहौल बिगाड़ा। पुलिस ने अब तक इस हिंसा और जाम के मामले में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर 13 लोगों को जेल भेज दिया है।

# मार्च में मानसून जैसा मिजाज: दिल्ली-यूपी सहित 12 राज्यों में बारिश और तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मार्च के महीने में जहां आमतौर पर भीषण गर्मी की शुरुआत हो जाती है, इस बार मौसम का बिल्कुल उलट रूप देखने को मिल रहा है। उत्तर और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों में अचानक बढ़ी ठंड ने लोगों को हैरान कर दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत देश के 12 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पूर्वी भारत में तो हवाओं की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने और आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है।



राजधानी दिल्ली में रविवार को भी हल्की बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। शनिवार को दिल्ली ने पिछले छह वर्षों में मार्च का सबसे ठंडा दिन देखा, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री गिरकर 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण कनकनी बनी रही। पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी मध्यम बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले पांच दिनों से हो रहे हिमपात ने तापमान में भारी गिरावट ला दी है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज और गोरखपुर समेत कई जिलों में रविवार को भी बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है। शनिवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 8 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर और गया सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। राजस्थान में भी पश्चिमी विक्षोभ के असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में धूल भरी आंधी और छिटपुट वर्षा के आसार बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बेमौसम बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी की मुख्य वजह सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है। इसके चलते तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे बना हुआ है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम और ओड़िशा जैसे राज्यों में भी तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग का मानना है कि सोमवार तक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का यह सिलसिला जारी रह सकता है, जिससे मार्च के अंत तक मौसम सुहावना बना रहेगा।

## पश्चिम बंगाल चुनाव: सुरक्षा के कड़े इंतजाम, वेबकास्टिंग बाधित होने पर होगा पुनर्मतदान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं और चुनाव आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पूरे राज्य में केंद्रीय बलों की व्यापक तैनाती की जा रही है और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों के साथ तालमेल मजबूत करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय में लगातार बैठकों का दौर जारी है। रविवार को भी बलों की तैनाती को लेकर एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।




चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर यदि वेबकास्टिंग 30 मिनट से अधिक समय तक बाधित रहती है तो वहां दोबारा मतदान कराया जाएगा। इस सख्त निर्देश का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखना और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकना है। चुनावों की औपचारिक घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की 480 कंपनियां राज्य में पहुंच चुकी हैं और फिलहाल गश्ती अभियान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, चरणबद्ध तरीके से करीब 2,000 और कंपनियां राज्य में तैनात की जाएंगी, जिससे कुल केंद्रीय बलों की संख्या लगभग ढाई लाख तक पहुंच सकती है। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आयोग ने राज्य पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल भी शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर एकीकृत कमान और नियंत्रण प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। यह प्रणाली मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जिला मजिस्ट्रेटों और अन्य एजेंसियों से सीधे जोड़ेगी और चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करेगी।

इस बार चुनाव में तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राज्य के सभी 80,719 मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था होगी और लगभग दो लाख सीसीटीवी कैमरों व वेबकैम के जरिए निगरानी की जाएगी। जरूरत पड़ने पर ड्रोन भी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वाड और क्विक रिस्पॉन्स टीमों के वाहनों में 360 डिग्री कैमरों से लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जबकि केंद्रीय बलों के जवानों को बॉडी-वॉर्न कैमरे दिए जाएंगे। आयोग ने जिला चुनाव अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मतदाताओं को डराने-धमकाने या मतदान से रोकने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें पद से हटाना या निलंबन भी शामिल है। इन सभी कदमों से साफ है कि इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## वजन बढ़ा तो नहीं उड़ा पाएंगे विमान, सख्त नियम लागू करने जा रहा एयर इंडिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया अपने पायलटों और केबिन क्रू के लिए एक सख्त फिटनेस नीति लागू करने जा रही है। 1 मई से प्रभावी होने वाले इस नए नियम के तहत सभी स्थायी और अनुबंध पर कार्यरत चालक दल के सदस्यों का उड़ान से पहले और बाद में फिटनेस टेस्ट किया जाएगा। इस नीति का मुख्य आधार बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को बनाया गया है। यदि किसी सदस्य का वजन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो उसे विमान उड़ाने या केबिन सेवा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एयरलाइन का स्पष्ट कहना है कि विमानन सेवाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए क्रू मेंबर्स का शारीरिक रूप से फिट होना सुरक्षा और परिचालन की दृष्टि से अनिवार्य है।



नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, बीएमआई की आदर्श सीमा 18 से 24.9 के बीच रखी गई है। यदि किसी सदस्य का बीएमआई 24.9 से अधिक पाया जाता है, तो उसे ओवरवेट की श्रेणी में रखा जाएगा और तत्काल प्रभाव से रोस्टर से हटा दिया जाएगा। ऐसे सदस्यों के वेतन में भी कटौती की जाएगी और वे वजन नियंत्रित करने के बाद ही ड्यूटी पर लौट सकेंगे। वहीं, 18 से कम बीएमआई वाले अंडरवेट सदस्यों को सात दिनों के मेडिकल इवैलुएशन के लिए भेजा जाएगा, जिसका खर्च उन्हें स्वयं वहन करना होगा। यदि वे फंक्शनल असेसमेंट क्लियर नहीं कर पाते हैं, तो उनके भुगतान में तब तक कटौती जारी रहेगी जब तक वे फिटनेस मानक हासिल नहीं कर लेते। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, यह नीति न केवल सुरक्षा मानकों को बढ़ाएगी बल्कि कर्मचारियों को लंबे समय तक स्वस्थ रहकर कार्य करने में भी मदद करेगी।

फिटनेस नियमों के साथ-साथ एयर इंडिया पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अपनी उड़ानों के परिचालन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। ईरान संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता के बावजूद, एयर इंडिया समूह ने रविवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 50 उड़ानों के परिचालन की योजना बनाई है। इसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ मिलकर सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए 20 नियमित उड़ानें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त अरब अमीरात, रियाद, दम्मम और मस्कट से दिल्ली, मुंबई, कोच्चि और बेंगलुरु जैसे प्रमुख भारतीय शहरों के लिए 30 विशेष उड़ानें संचालित की जा रही हैं। एयरलाइन का उद्देश्य तनावपूर्ण स्थितियों के बीच भी यात्रियों को सुरक्षित और सुचारू हवाई सेवा उपलब्ध कराना है।

# दुनिया जंग में उलझी... इधर भारत समंदर में खलबली मचाने को तैयार

### 3 अप्रैल को नौसेना में शामिल होगा देशी सुपरमैन 'तारागिरी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान जंग के बीच भारत की समुद्री ताकत और बढ़ने वाली है। अब दुश्मन को भारत का देशी दम दिखाई देगा। दरअसल समंदर में खलबली मचाने को भारत का देशी सुपरमैन यानी शक्ति मान तैयार है। जी हां, स्वदेशी गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तारागिरी' समंदर में अपनी ताकत दिखाने आ रहा है। इसके नौसेना में शामिल होने की तारीख तय हो गई है। खुद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तारागिरी को नौसेना में शामिल करने वाले है। खास बात है कि 'तारागिरी' ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है।

जी हां, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी क्लास का एडवांस गाइडेड स्टेल्थ फ्रिगेट तारागिरी नौसेना में शामिल होने को तैयार है। नौसेना द्वारा जारी बयान के अनुसार, अगले महीने यानी 3 अप्रैल को विशाखापत्तनम में तारागिरी को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर रक्षामंत्री सिंह स्वयं इस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट को नौसेना को समर्पित करने वाले है। वर्ष 2026 की शुरुआत में एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट 'अंजदीप' को भी नौसेना में शामिल किया गया था।

बात दें कि प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए जा रहे सात नीलगिरी क्लास के युद्धपोतों में से पहला एडवांस स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरी को जनवरी 2025 में नौसेना में शामिल किया था। इसके बाद इसी वर्ष हिमगिरी और उदयगिरी को भी शामिल किया। अब तारागिरी की बारी है। गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' ब्रह्मोस मिसाइल से लैस है, जो एंटी-सर्फेस और एंटी-शिप युद्ध में अत्यंत सक्षम है। एंटी-एयर वॉरफेयर के लिए इसमें लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'बराक-8', एयर डिफेंस गन और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के लिए स्वदेशी टॉरपीडो 'वरुणास्त्र' और रॉकेट लांचर लगाए गए हैं।

तारागिरी लंबी दूरी से आने वाले हमलों का पता लगाने, ट्रैक करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए आधुनिक सोनार, कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम और मल्टी-फंक्शन डिजिटल रडार से लैस है। इस फ्रिगेट में हेलिकॉप्टर हैंगर भी है, जिसमें दो हेलिकॉप्टर आसानी से लैंड कर सकते हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए जा रहे सभी सात फ्रिगेट में करीब 75 प्रतिशत उपकरण स्वदेशी कंपनियों से लिए गए हैं। इसका डिजाइन और स्टील भी स्वदेशी है। इसका डिजाइन नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। 6700 टन वजनी यह फ्रिगेट 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है।

प्रोजेक्ट 17ए के तहत सात नीलगिरी क्लास गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे हैं। इसमें चार फ्रिगेट मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और तीन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा बनाए गए हैं। साल 2019 से 2022 के बीच इन सभी को लांच किया जा चुका है। तारागिरी नीलगिरी क्लास का चौथा फ्रिगेट है, जो अब नौसेना में शामिल होने जा रहा है, जबकि बाकी तीन के समुद्री परीक्षण जारी हैं। इन सभी स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट के शामिल होने के बाद समुद्र में भारत की ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



# मदीना कॉलोनी में दहशत : अज्ञात व्यक्ति ने रात के अंधेरे में घरों के बाहर रखे बिना लेबल - एक्सपायरी डेट वाले पीनट बटर के डिब्बे

## सीसीटीवी में कैद संदिग्ध

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित मदीना कॉलोनी और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह उस समय हडकंप मच गया, जब कई घरों के बाहर संदिग्ध खाने-पीने के सामान के डिब्बे पड़े मिले। बिना किसी लेबल और एक्सपायरी डेट वाले इन डिब्बों को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी डर और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है





### सीसीटीवी में कैद हुई संदिग्ध की हरकत

मदीना कॉलोनी निवासी सकलाल और अन्य मोहल्लेवासियों ने भीमगंज थाना प्रभारी को दी गई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार बड़े तड़के करीब 2.46 बजे जब पूरा मोहल्ला सो रहा था, तब एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके घरों के बाहर थैलियां रखीं। सुबह जागने पर जब लोगों ने इन थैलियों को चेक किया, तो उनमें प्रोटीन बार और पीनट बटर के डिब्बे मिले। जब मोहल्ले के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, तो उसमें एक अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति इन डिब्बों को रखते हुए साफ दिखाई दिया।

### अज्ञात साजिश की आशंका, पुलिस से कार्रवाई की मांग '

कॉलोनी के बाशिंदों का कहना है कि इन डिब्बों पर किसी भी प्रकार की मैन्युफैक्चरिंग या एक्सपायरी डेट दर्ज नहीं है। शक जताया जा रहा है कि इन डिब्बों में कोई नशीला पदार्थ या जहरीली वस्तु हो सकती है। पीड़ित सकलाल, सद्दाम सौरगर, साजिद खान और अन्य लोगों ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उस अज्ञात व्यक्ति की पहचान की जाए और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### मोहल्ले में पसरा डर

इस घटना के बाद मदीना कॉलोनी के निवासियों में दहशत का माहौल है। लोगों का मानना है कि यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है या फिर बच्चों को निशाना बनाने की कोशिश हो सकती है। भीमगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# दो पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार, अल्टो कार जब्त


स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



अवैध फायर आर्म्स रखने के संबंध मे डीएसटी भीलवाडा एवं पुर थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही की है और दो पिस्टल व 4 जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए आरोपी कैलाश जाट रूपाहेली को गिरफतार किया है और एक अल्टो कार को जब्त किया ।

एसपी धर्मेंद्र सिं द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड़ व लोकल एवं स्पेशल एक्ट की प्रभावी कार्यवाही हेतु एएसपी पारस जैन मुख्यालय, बुधराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्देशन में व राहुल जोशी वृताधिकारी वृत माण्डल के सुपरविजन में पुर थाना प्रभारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में डीएसटी भीलवाडा एवं थाना पुर से एक विशेष टीम का गठन किया गया। दिनांक 22.03.2026 को राकेश भंडारी कांस्टेबल डीएसटी भीलवाडा की सूचना पर शिवराज सिंह सउनि मय जाप्ता द्वारा एक अल्टो कार व उसके चालक कैलाश चंद्र जाट पिता भैरु लाल जाट उम्र 30 साल निवासी गाडरी मोहल्ला रुपाहेली थाना सदर जिला भीलवाडा को चैक किया गया तो कार के डेशबोर्ड मे दो पिस्टल व 4 जिन्दा कारतुस मिले। कैलाश जाट को उक्त पिस्टल एक दोनों हथियारो व जिन्दा कारतुस अपने कब्जे में रख परिवहन करने का लाईसेन्स व परमिट मांगा तो नही होना बताया। जिस पर उक्त दोनों पिस्टलो एवं जिन्दा कारतुसो को जप्त किया और अल्टो कार को भी जप्त किया गया। आरोपी कैलाश चंद्र जाट को गिरफतार किया और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। गठित पुलिस टीम में कन्हैया लाल थानाधिकारी पुर के साथ शिवराज सिंह स.उ.नि., अशोक कुमार कडवा सउनि डीएसटी, एचसी कालू राम धायल डीएसटी, राजवीर सिंह, विनोद कुमार, सुरक्षा कुमार, मुकेश कुमार, राकेश कुमार डीएसटी भीलवाडा (विशेष योगदान), गोपाल जाट, बनवारी, असलम, कन्हैया लाल, शंकर, कमल, घीसु लाल शामिल थे।

# विदेशी महिला से बदतमीजी का वीडियो वायरल



## 'pawan baba' आईडी पर पोस्ट

स्मार्ट हलचल|बिजौलिया

सस्ती लोकप्रियता के लिए युवक की शर्मनाक हरकत, कार्रवाई की मांग मेनाल में विदेशी महिला पर्यटक से बदतमीजी का वीडियो वायरल हुआ है। बनेड़ा क्षेत्र के एक युवक ने यह वीडियो इंस्टाग्राम पर 'pawan baba' आईडी से पोस्ट किया।वीडियो में युवक महिला से अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्द बोलता, छेड़छाड़ करता और कैप उतारने जैसी हरकत करता नजर आ रहा है।स्थानीय दीपक धाकड़ ने बताया कि महिला को हिंदी नहीं आती थी, जिसका फायदा उठाकर यह हरकत की गई।घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक; हार्डकोर अपराधियों, साइबर अपराधियों और नशा तस्करों पर नकेल कसने के निर्देश

पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था की पड़ताल; सीसीटीवी नेटवर्क और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल| जयपुर

पुलिस मुख्यालय में सोमवार को महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राज्य की एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में हुई इस बैठक में प्रदेश के सभी रेंज आईजी एवं जिला पुलिस अधीक्षक वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

बैठक के दौरान प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जन सुरक्षा एवं गंभीर अपराधों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीजीपी श्री शर्मा ने विशेष रूप से परंपरागत अपराधों एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश देते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की गतिविधियों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आईजी व एसपी को फील्ड स्तर पर सघन मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश में चाक-चौबंद कानून-व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारी स्वयं फील्ड में उतरें और पुलिस की विजिबिलिटी व गश्त (पेट्रोलिंग) को प्रभावी रूप से बढ़ाएं।



### थानों का नियमित निरीक्षण करें :

डीजीपी ने जिला पुलिस अधीक्षकों को अनुसंधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अपने अधीनस्थ थानों का नियमित निरीक्षण करने को कहा है। पुलिस कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि एसपी नियमित रूप से पुलिस लाइन्स का दौरा करें और वहां मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लें। पुलिस कर्मियों के बौद्धिक विकास के लिए पुलिस लाइन्स में लाइब्रेरी की स्थापना, उनके बेहतर उपयोग और पुलिस क्वार्टर्स की समयबद्ध मरम्मत के लिए भी ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन संबंधित पोर्टल की समीक्षा कर मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने और विभिन्न एजेंसी के मध्य समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

### सोशल मीडिया पर नजर रखें :

डीजीपी ने सोशल मीडिया की राउंड-द-क्लॉक मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपराधियों का महिमामंडन करने या उन्हें प्रोत्साहित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही साइबर थानों को सशक्त बनाने के लिए तैनात कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण, उनकी समस्याओं के समाधान और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया है। बैठक में डीजीपी ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ई-विजिटर पोर्टल से अधिकाधिक होटलों को जोड़ते हुए राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग तथा आइसीजेएस सर्च को बढ़ावा दिया जाय।

उन्होंने सार्वजनिक स्थानों एवं रिहायशी क्षेत्रों में लगे निजी सीसीटीवी कैमरों को अभय कमांड सेंटर से जोड़ने पर विशेष बल दिया, जिससे अपराधों की रोकथाम एवं निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। फ़ोर्स मल्टीप्लायर इफ़ेक्ट के साथ ही अपराध अनुसंधान में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए अधिकारियों को नवीन पोर्टल्स पर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई।

ई-प्रोसिक्यूशन प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए जांच एवं अभियोजन प्रक्रिया को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) की ओर से भेजे गए फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों की जांच के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश भी दिए गए।

### ये निर्देश भी दिए गए

बैठक दौरान पुलिस अधिकारियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आयोजन में निर्धारित प्रावधानों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान को तेज करने तथा ब्रेथ एनालाइजर के नियमित उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में पुलिस मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सैकण्डरी का परिणाम आज

शिक्षा मंत्री श्री दिलावर बोर्ड कार्यालय से जारी करेंगे

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सैकण्डरी परीक्षा का परिणाम मंगलवार को दोपहर एक बजे जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलवार बोर्ड कार्यालय से परिणाम जारी करेंगे।



बोर्ड सचिव श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर एवं बोर्ड प्रशासक व संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़ परिणाम जारी करेंगे। सैकण्डरी की परीक्षाएं 12 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की गई थी।

# शहीद सुखदेव, भगत सिंह, राजगुरु को रायपुर में दी श्रद्धांजलि

शहीद भगत सिंह क्लब द्वारा पिछले 15 वर्षों से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** शहीद भगत सिंह क्लब द्वारा बस स्टैंड स्थित पुराने पुलिस थाना भवन के बाहर शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु, शहीद,भगत सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सर्वप्रथम भाजपा की मंडल अध्यक्ष डॉक्टर मीरा किराड ने दीप प्रज्वलित कर शहीदों के समक्ष गुलाब पुष्प अर्पित किए । इंकलाब जिंदाबाद, शहीद भगत सिंह अमर रहे अमर रहे, वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि के जय घोष लगाए गए। 2 मिनट के मौन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रशासक रामेश्वर लाल छीपा, पंचायत समिति सदस्य कुलदीप त्रिवेदी, गौरव कोठारी, राजेंद्र टाँक,राधेश्याम काबरा, रामगोपाल दाधीच, गोपाल कृष्ण त्रिवेदी, चंद्रशेखर सेन, गोपाल लाल भदादा, भैरूसिंह सिसोदिया, कन्हैयालाल माली, शहीद भगत सिंह क्लब के मुकेश सेन, भारत सेन, सुनील सोनी, रोहित मिश्रा, कुलदीप दाधीच, दीपांशु तंवर, विकास दाधीच, रवि सोनी, पंकज वैष्णव बोराणा, चिराग जोशी, महावीर माली, अनिल सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में राष्ट्रभक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश चंद्र वैष्णव ने किया।

# नव मनोनीत कार्यकारिणी का जिला अभिभाषक संस्था ने किया स्वागत



स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ की अध्यक्षता मे न्यायालय परिसर स्थित कार्यालय मे बैठक आयोजित की गई जिसमे संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह जी राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने जिला अभिभाषक संस्था की नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली नेनवा, पीरू सिंह गौड़, वंदना आमेटा, आनंद शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने नव मनोनीत कार्यकारिणी को संस्था के उद्देश्यो के बारे मे अवगत कराया और संस्था द्वारा 2026 मे किये जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। नव मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों ने संस्था के प्रति प्रतिबद्ध होकर संस्था के उद्देश्यों को ध्यान मे रखते हुए अधिवक्ता हितो मे कार्य करने के लिए आश्वास्त किया।

# आरोपी ही बना जांच अधिकारी-गंगापुर सिटी नगर परिषद में करोड़ों के घोटाले पर बवाल

स्मार्ट हलचल

**टोंक/सवाई माधोपुर।** राजस्थान के गंगापुर सिटी में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर (राजा भईया) ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद में करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच उसी अधिकारी को सौंप दी गई, जिस पर खुद आरोप लगे हुए हैं। राजा भईया ने इस पूरे प्रकरण को लेकर राज्य के स्वायत्त शासन सचिव (सतर्कता), संभागीय आयुक्त भरतपुर, जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर और एसडीएम गंगापुर सिटी को ई-मेल के जरिए विस्तृत शिकायत भेजी है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष सतर्कता जांच कमेटी गठित कर दोषियों के खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए।



### क्या है पूरा मामला?

शिकायत के अनुसार, नगर परिषद गंगापुर सिटी में करोड़ों रुपए की लागत से खरीदी गई ऑटोमैटिक सफाई मशीनों और वाहनों को जानबूझकर कंडम घोषित कर दिया गया। आरोप है कि इन मशीनों की नियमित देखरेख नहीं की गई और मिलीभगत से सरकार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।सबसे बड़ा विवाद तब खड़ा हुआ जब इस पूरे मामले की जांच उसी नगर आयुक्त को सौंप दी गई, जिन पर आरोप लगे थे।

### एक ही अधिकारी-दो कुर्सियां

राजा भईया का आरोप है कि उस समय नगर आयुक्त और एसडीएम - दोनों पदों पर एक ही अधिकारी (बृजेन्द्र मीणा) कार्यरत थे। ऐसे में जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठना लाजिमी है। आरोप है कि 2 जनवरी 2026 को जारी जांच रिपोर्ट में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पूरे मामले की लीपापोती कर दी गई।

### 'नियमों की खुलेआम अनदेखी'

राजा भईया ने कहा कि यह कानून का मूल सिद्धांत है कि कोई भी आरोपी स्वयं अपने खिलाफ जांच नहीं कर सकता, लेकिन यहां नियमों को दरकिनार कर दिया गया।

राजा भईया ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कमेटी का गठन नहीं हुआ तो वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

### बड़े सवाल

क्या सरकार इस मामले में निष्पक्ष जांच कराएगी?,क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी?, करोड़ों के नुकसान की भरपाई कैसे होगी?, क्या मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाएगा? अब सबकी नजर प्रशासन पर है कि इस गंभीर मामले में न्याय होगा या सिस्टम पर सवाल और गहराएंगे।

# कोठारी नदी में डीएसटी टीम की कार्रवाई, पांच ट्रैक्टर व दो जेसीबी जप्त



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के कंवलियास माफी गांव के पास से गुजर रही कोठारी नदी से बजरी माफिया द्वारा दिन के उजाले में कर रहे अवैध बजरी खनन के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने कोठारी नदी में दबिश देकर कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रॉली सहित दो जेसीबी मशीन को जप्त किया । सूचना पर बड़लियास थाना व सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । सवाईपुर चौकी एएसआई प्यार चंद खटीक ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने बड़लियास थाना क्षेत्र के कंवलियास माफी गांव के निकट से गुजर रही कोठारी नदी में सोमवार दोपहर को दबिश दी, जहां से डीएसटी टीम ने कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रॉली सहित दो जेसीबी मशीन को जप्त किया । बड़लियास पुलिस ने ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन को थाना में खड़ा करवाकर आगे की कार्रवाई शुरू की । टीम के द्वारा दिन में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच गया।


# स्वच्छता अभियान के नाम पर गांव में जगह-जगह डाला जा रहा कचरा, 108 हेक्टेयर गोचर भूमि पर भी कब्जा, ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल| खजुरी

उप तहसील मुख्यालय खजूरी में पंचायत और प्रशासन की लापरवाही मूक प्राणियों की जान पर भारी पड़ रही है। भारत सरकार के 'स्वच्छता अभियान' का यहां खुलेआम माखौल उड़ रहा है। गांव से कचरा उठाकर खुले में फेंकने से गौमाता और अन्य बेजुबान जानवर पॉलीथिन खाकर अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। अब तक करीब 20-25 गोवंश की दर्दनाक मौत हो चुकी है। इसके अलावा गांव की 108 हेक्टेयर गोचर भूमि पर अतिक्रमण से गौमाता के चरने का संकट भी खड़ा हो गया है, लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद सो रहा है।

### स्वच्छता के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति

ग्रामीणों का आरोप है कि खजूरी ग्राम पंचायत ने घर-घर से कचरा उठाने के लिए ट्रैक्टर तो लगा रखा है, लेकिन इस कचरे के निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। ट्रैक्टर चालक कचरे को गांव में ही किसी भी खुली जगह पर डाल देते हैं। इससे एक जगह की गंदगी हटकर दूसरी जगह फैल रही है।



कचरे में पड़ी प्लास्टिक की थैलियां (पॉलीथिन) खाने से गायों की आंतें चोक हो रही हैं और वे तड़प-तड़प कर जान दे रही हैं। इससे गांव में संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है।

### गोचर भूमि पर वन विभाग और भू-माफिया का कब्जा:

श्री नंद गोपाल गौशाला के सदस्यों और ग्रामीणों ने बताया कि खजूरी में 108 हेक्टेयर गोचर (चारागाह) भूमि है, जिस पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ वन विभाग ने भी अतिक्रमण कर रखा है। गौशाला सदस्य सौरभ पारीक, आशीष, संजय, यश, चंद्र प्रकाश, लोकेश, गोविंद और पंकज ने ग्रामीणों के साथ मिलकर 12 फरवरी को जहाजपुर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। इसके बावजूद न तो गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त हुई और न ही वन विभाग ने अपना कब्जा हटाया।

### धरातल पर योजनाएं शून्य, आंदोलन की चेतावनी:

ग्रामवासियों का कहना है कि सरकार के आदेश और योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। पंचायत और बड़े अधिकारियों पर ग्रामीणों की गुहार का कोई असर नहीं पड़ रहा है। गौशाला सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि पंचायत ने कचरे का स्थायी समाधान नहीं निकाला और प्रशासन ने गोचर भूमि को जल्द अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सवाल यह है कि बेजुबान गौमाता जो अपनी पीड़ा बता नहीं सकती, वह इस प्रशासनिक नाकामी के बीच आखिर जाए तो जाए कहां?

# सहकारी कर्मचारियों का विभिन्न मांगो को लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, मांगें नहीं मानी तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर सोमवार को राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ग्राम सेवा सहकारी समितियां के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने ढोल बजाकर हाथों में तख्तिया लेकर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश भी की हैं प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। वहीं उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो आने वाले समय में कर्मचारियों द्वारा हड़ताल उग्र आंदोलन किया जाएगा।





जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि पिछली 27 फरवरी से राजस्थान की सहकारी समितियां में निरंतर कार्य बहिष्कार किया जा रहा है यह करीब बहिष्कार सरकार की अनदेखी के चलते किया जा रहा है। खरीफ की ऋण वसूली का पिक समय है पूरे प्रदेश में किसानों को हजारों करोड रुपए बकाया है। इस पर किसानों पर लगने वाले समस्त ब्याज की जिम्मेदारी सरकार की होगी। 1 फरवरी से पहले हमारी समस्त मांगों का मानना जरूरी था ऐसा लिखित समझौते में तय हुआ था। लेकिन इसके बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई इसलिए हमने 27 फरवरी से कार्य बहिष्कार शुरू किया है। हमारी सरकार से निवेदन है कि हमारे तमाम मांगों को पूरा किया जाए।

# मंगरोप मेगा हाईवे को लोगों ने बना दिया डंपिंग यार्ड

## पंचायत द्वारा बार-बार सफाई के बावजूद नहीं थम रहा कचरा फेंकने का सिलसिला



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर एक गंभीर समस्या सामने आ रही है।कस्बे के आमा रोड स्थित गुरला वाया मांडलगढ़ मेगा हाईवे को लोगों ने डंपिंग यार्ड में तब्दील कर दिया है।हाईवे के किनारे जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं।जिससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि आमजन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार पंचायत प्रशासन द्वारा कई बार इस मार्ग की सफाई करवाई जा चुकी है,लेकिन इसके बावजूद लोग फिर से उसी स्थान पर कूड़ा फेंक देते हैं।इस लापरवाही के चलते पंचायत की सफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है और बार-बार की मेहनत बेकार साबित हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे किनारे कचरा जमा होने से दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को असुविधा हो रही है।वहीं गंदगी के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। वहीं दिनभर मवेशी मंडराते रहते है जिससे हादसों का अंदेशा भी बना रहता हैं।विकास अधिकारी रामभवर सिंह राणावत ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंके और निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें।साथ ही प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बावजूद लोग नहीं माने,तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।अब जरूरत है कि आमजन अपनी जिम्मेदारी समझें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि मंगरोप को साफ-सुथरा और स्वस्थ बनाया जा सके।

# ब्यावर में कल से 24 घंटे रहेगा जल संकट, शिफ्टिंग के कारण शटडाउन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर के निवासियों के लिए जरूरी खबर है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 08 पर ग्राम पीपलाज में नई पाइपलाइन की कमीशनिंग और शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इस तकनीकी कार्य के चलते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 24 घंटे का शटडाउन लिया गया है।

विभागीय सूचना के अनुसार, यह मरम्मत कार्य 24 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर 25 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान शहरी जल योजना ब्यावर और उससे जुड़े तमाम इलाकों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते पानी का भंडारण कर लें और कार्य अवधि के दौरान पानी का संयमित उपयोग कर सहयोग करें।

# रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो की पार्किंग व्यवस्था बंद होने से गेट नंबर 1 पर बढ़ा वाहनों का दबाव

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

शहर के रेलवे स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था इन दिनों बदहाल स्थिति में है। पिछले कुछ दिनों से पुर रोड़ स्थित गेट नंबर दो की पार्किंग का टेंडर ख़त्म होने से इन दिनों दुपहिया व चौपहिया वाहनों का सारा भार गेट नंबर 1 की पार्किंग पर बढ़ गया।

रेलवे सुत्रों की मानें 15 मार्च को वाहनों का पार्किंग का टेंडर खत्म हो गया, नया जल्द होना है लेकिन मैं अभी तक प्रक्रिया के दौरान किसी ने भी पार्किंग का नया ठेका लेने के लिए पैसा जमा नहीं कराया है। जिससे पुर रोड़ पर गेट नंबर दो पर पार्किंग व्यवस्था बंद होने से सारा भार गेट नंबर 1 की पार्किंग पर बढ़ गया है। जिससे यहां भी पार्किंग की व्यवस्था गड़बड़ा गई है। स्टेशन पर अन्य सुविधाओं और विस्तार के चलते निर्माण कार्य चलने से पार्किंग को लेकर खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं नो पार्किंग लिखा होने के बावजूद यहां दुपहिया वाहनों की पार्किंग की जा रही है। जिसको लेकर जीआरपी चौकी स्टाफ द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने व गंभीर नहीं होने से यात्रियों के परिजनों की समस्या बढ़ती जा रही है।









# शहीद दिवस पर भाजपा कार्यालय गंगापुर में श्रद्धांजलि अर्पित की



स्मार्ट हलचल|गंगापुर

शहीद दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय गंगापुर में नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने कहा कि शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत है और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान मोती लाल गहलोत, मुरली मनोहर भट्ट, रामचंद्र, जमनेश खटीक, मुकेश पूरी, अरुण टांक, धर्मेश खटीक, सत्तू खटीक, संजय अग्रवाल, भावेश जैन, सोहन रैगर, मुकेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री जोगणिया माता दरबार में पारंपरिक गेर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति, हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र स्थित श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भक्तिमय वातावरण के बीच गेर नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मां के दरबार में अपनी आस्था प्रकट की। मां जोगणिया के अनन्य भक्त श्री सोमनाथ जी गुर्जर ने आसपास के गांवों के लोगों को संगठित कर माता के दरबार में पहुंचकर गेर (खेल) की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी अगुवाई में आए कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों की धुन पर मनमोहक नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।



इस गेर नृत्य कार्यक्रम में सोनाथ जी गुर्जर, केलु जी गुर्जर, ईश्वर जी गुर्जर एवं राजू जी गुर्जर (गांव गराडिया) सहित गांव बीड़ा का खेड़ा से पथिक सेना संगठन जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा भोमराज गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने प्रस्तुति दी। इनके साथ सुखदेव गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, नारायण जी गुर्जर, सुवा लाल जी गुर्जर, रामलाल जी गुर्जर एवं हरदेव जी गुर्जर भी शामिल रहे।

इसके अलावा गांव मालास से नारायण जी गुर्जर तथा गांव पिता का खेड़ा से छितर जी गुर्जर सहित अनेक श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जोशी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राजस्थानी संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और आधुनिक व्यस्तताओं के बीच अपनी परंपराओं को न भूलें, बल्कि लोक संस्कृति, लोक नृत्य और रीति-रिवाजों को आगे बढ़ाने में योगदान दें। साथ ही उन्होंने लुप्त होती सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान गेर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# शहीद शहीद दिवस के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** कस्बे में शहीद दिवस के उपलक्ष पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम व स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया कार्यक्रम में युवाओं के तत्वादान में द्वारिका हॉस्पिटल बिजोलिया में रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्तदान हुआ रक्तदान शिविर में बिजोलिया कस्बे के साथ ही आसपास के गांवो के युवा, विद्यार्थी, महिलाए आदि रक्तदाताओं ने भाग लिया। रक्तदान में भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम वह रामा कृष्णा पुरम के सहयोग से किया गया उक्त रक्तदान शिविर मे मोके पर किशन कुमार खटीक, दीपक मीणा, लोकेश,अंकित तिवारी, अनिल राव, रामफूल धाकड, संदीप सेठिया, कुंदन खटीक, मुकेश खटीक, प्रेम चंद, प्रकाश चंद्र मीणा, सुधीर कोतवाल, संजय जैन, वेदराज, मनराज, अजय सांखला, बालू चन्द्र, प्रकाश भील, मुकेश, प्रदुमन धाकड़, शैतान, अक्षय, रामदेव दिलीप सिंह, जय सिंह, धनराज, मनीष, प्रकाश महिलाओ मे भारती जैन, निर्मला मेघवाल, ऐश्वर्या मेघवाल, देविका यादव, पायल, राखी राजपूत,लक्ष्मी बंजारा, रिंकी सोलंकी मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में शहीद दिवस पर अमर क्रांतिकारियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्) के तत्वावधान में 'शहीद दिवस' का गरिमामय आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों और सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने की। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई के कुशल निर्देशन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों और संकाय सदस्यों ने अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्वयंसेवकों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इन नायकों के अतुलनीय योगदान और उनके बलिदान की गाथाओं को याद किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के उच्च आदर्शों, राष्ट्रप्रेम और निस्वार्थ सेवा की भावना को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारेंगे और देश की एकता व अखंडता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने कहा, 'भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव मात्र नाम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की वे मशालें हैं जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्ग दिखाएंगी। युवाओं को उनके साहस और वैचारिक दृढ़ता से प्रेरणा लेनी चाहिए।' कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद दिवस मनाने का वास्तविक उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाना है। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति के नारे लगाए और सामूहिक रूप से राष्ट्र सेवा की शपथ ली।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# पुर में नहीं हो रही है नालों, नालियों की सफाई, आमजन गंदगी से परेशान हो जिम्मेदार करते हैं नजरअंदाज

स्मार्ट हलचल| पुर

नगर निगम के सफाई विभाग के जिम्मेदार अफसरो जमादार व इंस्पेक्टर द्वारा जानबूझकर कार्य व जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही के चलते उपनगर पुर के चारों वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है जिससे आमजन काफी परेशान है नालियां जाम होकर कचरा व गंदगी से भरी हुई होने से आमजन का सांस लेना दुश्वार हो रहा है जिम्मेदारों को शिकायत करने पर भी नालियों की सफाई नहीं की जा रही है जिससे नाली में मच्छर अन्य कीटाणु पैदा होने से गंभीर बीमारियां फैलने का डर आमजन में व्याप्त है।

पुर के सभी नालों में भी गंदगी का अंबार लगने से नाले जाम होकर भरे हुए हैं जो लगभग साल भर से निगम द्वारा साफ नहीं किए गए जिससे इसकी बदबू से एवं जीव जंतुओं के निकलने से आमजन काफी परेशान है स्वास्थ्य निरीक्षक को भी आम जन द्वारा बार-बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं की जाकर आमजन को राहत प्रदान नहीं की गई जिससे आमजन में भारी असंतोष व्याप्त हैं।



राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा रतनलाल आचार्य ने उक्त समस्या से निगम के आयुक्त को फोन पर भी अवगत करवाया गया लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है जिससे आचार्य ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से आमजन में सरकार के प्रति असंतोष व्याप्त हो रहा है जो कहीं ना कहीं अधिकारियों की सरकार को बदनाम करने की साजिश प्रतीत होती है।

अगर समय पर सुनवाई नहीं की गई तो पुर के आम जन व उनके संगठन द्वारा अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाई जाकर उचित कार्यवाही करने के लिए आंदोलन किया जाएगा।

# शाहपुरा में शौर्य की गूंज: हेमू कालानी जयंती पर उमड़ा देशभक्ति का जज्बा

## सिंधी समाज ने केक काट व श्रमदान करके याद किया शहीदों को

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

शाहपुरा सोमवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया , जब पूज्य सिंधी पंचायत के सानिध्य में अमर शहीद हेमू कालानी की 103वीं जयंती पूरे उत्साह, श्रद्धा और जोश के साथ मनाई गई। हेमू कालानी स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में जहां केक काटकर खुशियां मनाई गईं, वहीं देश के वीर सपूतों को याद कर माहौल भावुक भी हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत हेमू कालानी स्मारक पर मार्ल्यापण करके, पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर की गई। पंचायत के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीद हेमू कालानी के साथ-साथ शहीद दिवस के अवसर पर भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'शहीदों अमर रहो' के नारों से वातावरण गूंज उठा।

पंचायत अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, सचिव नरेश लखपतानी, कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी और पूर्व



अध्यक्ष मोहन लखपतानी व वरिष्ठ सदस्य मोहन थावानी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हेमू कालानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। अंग्रेजों की बारूद से भरी ट्रेन को उड़ाने की योजना बनाते समय वे पकड़े गए और 21 जनवरी 1943 को फांसी पर चढ़ा दिए गए।

कार्यक्रम में देशभक्ति का जज्बा उस समय और भी बढ़ गया जब सदस्यों ने स्मारक स्थल पर श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया। अंदर और बाहर की सफाई करते हुए युवाओं और वरिष्ठों ने मिलकर यह संदेश दिया कि शहीदों की याद में केवल शब्द ही नहीं, कर्म भी जरूरी हैं। जयंती उत्सव के दौरान सुरेश वासवानी की अगुवाई में केक काटकर और मिठाई वितरित कर खुशियां बांटी गईं। इस मौके पर पूर्व सचिव ओम थावानी, सुरेश वासवानी, सुरेश आसवानी, नरेश तोलानी, अशोक आसवानी, पंकज पेसवानी, हरीश मतलानी, पूर्व कोषाध्यक्ष शंकर ठारवानी, परशुराम सामतानी, अशोक महाराज, राजेंद्र शुक्ला, सहित पंचायत के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

शाहपुरा में आयोजित यह आयोजन न केवल शहीदों की याद को ताजा कर गया, बल्कि नई पीढ़ी को देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा भी दे गया।

# जिले के दो पहलवानों ने संभाग में जीता खिताब

**चित्तौड़गढ़।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में उदयपुर में आयोजित संभाग कुमार व संभाग केसरी कुश्ती दंगल में बालाजी प्रशिक्षण संस्थान के दो पहलवान द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

बालाजी प्रशिक्षण संस्थान सचिव कमलेश गुर्जर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सात जिलों के पहलवानों ने भाग लिया, जिसमें बालाजी प्रशिक्षण संस्थान के पांच पहलवानों ने भाग लिया। दंगल के सबसे बड़े खिताब संभाग केसरी में राहुल गुर्जर तृतीय स्थान पर रहे वहीं संभाग कुमार खिताब में रणवीर सिंह राठौड़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। व्यायामशाला संरक्षक विष्णु शर्मा, अध्यक्ष कैलाश आगाल ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। कोषाध्यक्ष बसंतीलाल पंचोली ने बताया कि इससे पूर्व ही ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती प्रतियोगिता में दोनों पहलवान खेल चुके हैं। स्कूल टूर्नामेंट भी जिले के लिए दोनों ही पहलवान कई बार पदक जीत चुके हैं।

# भाविप प्रांतीय अधिवेशन, भीलवाड़ा की धरा पर हुआ सेवा कार्यों का शंखनाद, 32 शाखाओं के जांबाज सम्मानित

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की प्रांतीय परिषद की सभा में सेवा, संस्कार और समर्पण की त्रिवेणी बही। राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गादत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस भव्य समारोह में साल भर मानवता की सेवा में जुटे रहने वाले कर्मयोगियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महानगर, नगर और ग्रामीण अंचलों की उत्कृष्ट शाखाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए नवाजा गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद शाखा भीलवाड़ा और अजमेर मुख्य शाखा ने संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ शाखा का खिताब अपने नाम कर गौरव बढ़ाया। समारोह के दौरान शाखाओं के कार्यों के आधार पर की गई रैंकिंग में महानगर श्रेणी में नेताजी सुभाष शाखा प्रथम रही, जबकि ब्यावर मुख्य ने दूसरा और वीर शिवाजी शाखा भीलवाड़ा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नगर श्रेणी में शाहपुरा शाखा पहले, गुलाबपुरा दूसरे और विजयनगर तीसरे पायदान पर रही। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा की अलख जगाने में बांदनवाड़ा शाखा अव्वल रही, वहीं मांडल ने द्वितीय और भोजराज शाखा ने तृतीय स्थान हासिल किया। परिषद ने विभिन्न सेवा प्रकल्पों के लिए भी विशिष्ट सम्मान दिए। इसमें सर्वाधिक रक्तदान के लिए जहाजपुर, नेत्रदान के लिए किशनगढ़ मुख्य और देहदान के क्षेत्र में विजयनगर शाखा को सम्मानित किया गया। दिव्यांग सहायता शिविरों के सफल आयोजन के लिए स्वामी विवेकानंद शाखा भीलवाड़ा को सराहा गया। वहीं, श्भारत को जानोश् प्रतियोगिता के लिए नाथद्वारा और प्रांतीय स्तर पर चंद्रशेखर आजाद शाखा भीलवाड़ा को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक और सांगठनिक गतिविधियों में भी शाखाओं ने उत्साह दिखाया। क्षेत्रीय समूह गान में अजमेर मुख्य और प्रांतीय समूह गान में स्वामी विवेकानंद शाखा ब्यावर को सम्मान मिला। संस्कृति सप्ताह के लिए सुभाष शाखा भीलवाड़ा, कुटुंब प्रबोधन हेतु शाहपुरा और सरल सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए अरावली अजमेर को नवाजा गया। इसके साथ ही जिला कार्यशाला के लिए वीर शिवाजी शाखा केकड़ी और सदस्यता वृद्धि के लिए नेताजी सुभाष शाखा ब्यावर को सम्मानित किया गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजसमंद शाखा को सराहा गया, वहीं बिजोलिया, द्वारकाधीश राजसमंद और अजमेर शाखाओं को नई शाखाएं खोलने के लिए विशेष सम्मान मिला। भीलवाड़ा में चार बार प्रांतीय कार्यक्रमों की सफल मेजबानी के लिए स्वामी विवेकानंद शाखा को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। समारोह में प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर लाल काबरा, अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, महासचिव आनंद सिंह राठौर, सचिव अमित सोनी और क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी सहित 32 शाखाओं के 280 से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बर थाना पुलिस ने पकड़ी 6 लाख की अवैध डोडा पोस्त, कार सहित दो तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/बर।** नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक द्ब20 कार से करीब 39.898 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 6,00,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी जब्त कर लिया है।

## नाकाबंदी देख भागने का किया प्रयास

घटना 23 मार्च 2026 की है। अजमेर रेंज आईजी राजेन्द्र सिंह और ब्यावर एसपी रतन सिंह के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा ब्यावर से झाला की चौकी मार्ग पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की टी20 कार आई, जिसके चालक ने पुलिस को देखकर गाड़ी वापस घुमाकर भागने की कोशिश की। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रुकवाया और तलाशी ली।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को कार के अंदर से 3 प्लास्टिक के कट्टे मिले, जिनमें कुल 39.898 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ था। पुलिस ने मादक पदार्थ और तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को तुरंत जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैः 1-माणक उर्फ मौखम (36 वर्ष): पुत्र कानाराम, निवासी रायपुर। 2-श्यामलाल (55 वर्ष): पुत्र भंवरलाल, निवासी इंदिरा कॉलोनी, रायपुर।

## कानूनी कार्रवाई

थानाधिकारी पन्नालाल (निरीक्षक) के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण संख्या 47/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था।

## पुलिस टीम की सफलताः

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और वृताधिकारी रायपुर बंशीलाल पाण्डर के सुपरविजन में गठित टीम द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दी गई।

# भाजपा नंदराय मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** भाजपा नंदराय मंडल के प. दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस के तृतीय सत्र की अध्यक्षता सोहन सिंह राणावत एवं मुख्य वक्ता जिला महामंत्री कन्हैया लाल जाट थे। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर विचार व्यक्त किए। चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता जयसिंह गेंदलिया एवं मुख्य वक्ता मुकेश शर्मा पूर्व उपसभापति थे उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पंचम सत्र की अध्यक्षता रमेश शर्मा एवं

मुख्य वक्ता प्रहलाद त्रिपाठी थे। सोशल मीडिया विषय पर बोलते हुए उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। छठे सत्र की अध्यक्षता जगरूप गुर्जर ने की । मुख्य वक्ता शंकर लाल गुर्जर ने संगठन कार्य पद्धति पर अपने विचार रखे। सप्तम सत्र को मांडल विधायक उदय लाल भड़ाना ने संबोधित किया। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर अपने विचार रखे। आने वाले पंचायती राज चुनाव में अपने बूथ पर मजबूती से कार्य कर चुनाव में भाजपा को सफलता दिलवाने का आह्वान किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल थे। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनावों में हर तरह की मदद का भरोसा दिलाया। समापन सत्र में मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं सभी कार्यकर्ताओं का शिविर की सफलतम आयोजन के लिए धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री दुष्यंत राजस्थला, प्रियदर्शी पारीक, विकास पाराशर, चांद मल डाड, भुवनेश चौधरी, कमलकांत पोरवाल, शंकर लाल शर्मा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इससे पहले शिविर के प्रथम दिन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, छैल बिहारी जोशी, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# शास्त्रीनगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ लगाया सामूहिक गणगौर का उद्यापन

## 26 महिलाओं ने गणगौर का उद्यापन लगाया जिसमें 500 महिलाओं को भोजन करा कर सुहाग पिटारी भी वितरित की

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर के शास्त्रीनगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा शनिवार को शास्त्री नगर माहेश्वरी भवन में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से गणगौर पर्व का उद्यापन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना की तथा मां गणगौर से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। नेहा पोरवाल व आशा काबरा ने बताया कि गणगौर के महोत्सव पर 26 महिलाओं ने गणगौर का उद्यापन लगाया। जिसमें 500 महिलाओं को भोजन करा कर सुहाग पिटारी भी वितरित की गई। गणगौर के झाला भी दिए गए। गणगौर मां, ईश्वर पार्वती जी सभी की सामूहिक पूजा अर्चना की गई और सभी को एक साथ कहानी कहकर उद्यापन लगाया गया। महिलाओं द्वारा गणगौर के गीत भी गाए ओर नृत्य किया गया। अखंड सुहाग के लिए गणगौर का पर्व चौत्र नवरात्र के तृतीया पर आता है, इस दिन पति की लंबी उम्र के लिए कामना करते हुए महादेव और गौरा की पूजा की जाती है। आज हम उद्यापन के मौके पर यहां भोज के लिए आमंत्रित किए गए हैं। परिवार में जो भी नई बहू या बेटी होती है वो उद्यापन करती है। इसमें 18 सुहागनों को बुलाकर भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष आदित्य मालीवाल, मंत्री अरुण बियानी, कोषाध्यक्ष राहुल पोरवाल के साथ कार्यकारिणी से रौनक कोठारी, राहुल बियानी, अंकुर हेडा, सज्जन डाड, जगदीश सोनी, सुशील अजमेरा, अभिषेक एवं महिला कार्यकारिणी से आशिता बिरला, वर्षा बियानी, नेहा झंवर, हीरा मालीवाल सहित सभी महिलाएं उपस्थित थी।

# ब्यावर पुलिस के विशेष अभियान में 12 अपराधी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साकेत नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए स्थायी वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी और वांछित अपराधियों सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उच्चाधिकारियों के सुपरविजन में गठित हुई टीमें

महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज राजेन्द्र सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा एवं वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में विशेष टीमों का गठन किया गया। दिनांक 22.03.2026 से 27.03.2026 तक चले इस अभियान में पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में दबिश दी।

कार्रवाई का पूरा ब्यौरा :

03 स्थायी वारंटीः पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे डाउ सिंह (जालिया दुर्गावास), जयसिंह (नुन्दो महेन्द्रातान) और प्रताप सिंह (अतीतमण्ड) को दबोचा।

03 गिरफ्तारी वारंटी : न्यायालय द्वारा जारी वारंटों की तामील में जोमाराम (विजयनगर रोड), अशोक कुमार (गायत्री नगर) और राकेश मेवाडा (गोविन्दपुरा) को गिरफ्तार किया गया।

03 वांछित अपराधी : विभिन्न मामलों में वांछित शैतान सिंह, आदित्य और यशपाल सिंह (दुर्गावास) को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया।

इंसदादी कार्रवाईः शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरोधात्मक कार्रवाई के तहत सुरेन्द्र सिंह, लक्की और सलीम काठात को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस प्रशासन के अनुसार, क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कड़ी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय बना रहे।

# उंखलिया के देवांश धाकड़ का हुआ नवोदय में चयन, विद्यालय परिवार ने किया स्वागत

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



शंभूपुरा। पिछले 10 वर्षो से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शंभूपुरा का सेंट जॉन्स वार्ट एकेडमी विद्यालय अपने स्कूल के एक होनहार विद्यार्थी के नवोदय में चयन में सफल रहा।


सेंट जॉन्स वार्ट एकेडमी शंभूपुरा के निदेशक व प्रधानाध्यापिका रेखा प्रजापत ने बताया कि हमारे विद्यालय से पिछले 10 सालों से लगातार बच्चो को नवोदय की तैयारी करवाई जा रही है और हर साल बच्चों का नवोदय में सलेक्शन भी होता है जो कि अभिभावकों के साथ साथ पूरे विद्यालय परिवार के लिए भी गर्व का विषय है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष उंखलिया निवासी देवांश पुत्र मुकेश धाकड़ जिसकी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से हुई, जिसका इस बार 5 वी में नवोदय में चयन हुआ जिस पर पूरे विद्यालय स्टाफ ने देवांश का स्वागत कर उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

बता दे कि शंभूपुरा क्षेत्र का यह एक मात्र ऐसा विद्यालय है जहाँ से हर वर्ष बच्चो को नवोदय के लिए तैयारी करवाई जाती है और अब तक इस विद्यालय से 10 बच्चों का नवोदय में चयन हो चुका है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रेखा प्रजापत विद्यालय स्टाफ धर्मिष्ठा आमेटा, विद्या जटिया, सरोज राठौड़, अमन न्याति, ज्ञान बहादुर, लक्ष्मी सेठिया, लक्ष्मी शाह एवं समस्त स्टाफ ने दिव्यांश का स्वागत कर हर्ष जताते हुए बधाई दी।

# नवरात्रा पर सजे घाटी वाले भैरूनाथ

## नौ दिन होती है विशेष पूजा अर्चना,इन दिनों लाखों श्रद्धालु पहुंचते है दर्शन को



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के बराटिया गांव में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं लाखों लोगों की आस्था के केंद्र घाटी वाले भैरूनाथ मंदिर में नवरात्रा पर्व के अवसर पर विशेष श्रृंगार कर भव्य सजावट की गई।मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों,रंग-बिरंगी लाइटों एवं पारंपरिक सजावट से सजाया गया।जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया।नवरात्रा के पावन दिनों में भैरूनाथ की विशेष पूजा-अर्चना होती है।पुजारी द्वारा विधिवत आरती एवं भोग लगाया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान भैरूनाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु परिवार सहित यहां पहुंचे।महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।नवरात्रा के दौरान यहां प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।घाटी वाले भैरूनाथ मंदिर क्षेत्र में वर्षों से लोगों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है,जहां हर साल नवरात्रा पर विशेष आयोजन होते हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# अपना घर सेवा समिति शाखा वैर की साधारण सभा की बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**वैर।** अपना घर सेवा समिति शाखा वैर की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को सादा समारोह में शपथ ग्रहण कराई गई। घमंडी सिंह मीना ने बताया कि दिनांक 13 मार्च को मनीराम धाकड़ क्षेत्रीय अध्यक्ष की देखरेख में सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया था जिसमें अध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम लाल शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई, इसके अलावा सूरजमल को सचिव एवं यादराम सेन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा महेंद्र सिंह रिटायर पीटीआई, मुनीम धाकड़ रि. पटवारी, इंदर श्रोत्रीय सहित दर्जन भर सदस्यों को अन्य जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारीयो का लोगों ने स्वागत किया।

# सिलिकोसिस पीड़ित महिलाओं ने वैकल्पिक रोजगार की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम का दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** बिजौलिया उपखण्ड के काश्या सलावटिया झाड़ोली आरौली सुखपुरा बिजौलिया हेमनिवास आदि गांवो की सिलिकोसिस पीड़ित विधवा महिलाओं ने जिला कलेक्टर एवं खान विभाग के नाम ज्ञापन बिजोलिया उपखंड अधिकारी को दिया।

ज्ञापन में बताया कि भीलवाड़ा जिले में 500 के आस पास खनन पट्टाधारी है जिनके द्वारा इसी में खनन श्रमिकों के स्वास्थ्य शिक्षा रोज़गार एवं पर्यावरण संरक्षण के वादे किए गए है जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान में पौधा रोपण व देखरेख का कार्य करना है।

भीलवाड़ा जिले में 300 से ज्यादा सिलिकोसिस विधवा महिलाएं हे जिसके पास आजीविका का कोई संसाधन उपलब्ध नहीं हैं विधवाओं ने मांग किया है कि वेस्ट बंगाल की तर्ज पर 3500 मासिक पेंशन दी जाए अथवा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से ई सी में पर्यावरण संरक्षण प्रावधान के तहत पौधारोपण देख रेख कार्य का प्रावधान दिए जाए ताकि सिलिकोसिस पीड़ित विधवाओं का आजीविका का संसाधन मिल सके ।

इसी के साथ कमली देवी रैगर ने उपखंड अधिकारी को मशरूम के पैकेट भेट किया । कमली देवी एवं हेमा देवी ने बताया कि हमने मशरूम उगाना जैविक खाद बनाया हे ज्यादा मात्रा में करने के लिए हमारे पास संसाधन एवं जगह नहीं हे सरकार डीएमएफटी फंड से हमे संसाधन उपलब्ध करवाए जाए ज्ञापन देने वाले मे उर्मिला देवी यादव, कमली देवी, बदाम देवी, मांगी बाई, गुडी देवी, टीकम देवी, दिलीप सिंह यादव, राजू, किशन कुमार खटीक आदि शामिल रहे।

# झूठ-अहं-अहंकार जले तो हर दिन होली है

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मासिक साहित्यिक गोष्ठी केशव प्रन्यास भवन में हिन्दू नववर्ष और होली विषय पर आयोजित हुई।जिसकी शुरुआत डॉ कमलेश पाराशर की सरस्वती वंदना 'हे माँ ज्ञान का उपहार दे गिर रहा स्तर यहाँ पर चरित्र का निर्माण कर' से हुई। पाराशर ने 'विश्व गुरु बने भारत ऐसी हो सबकी भावनाएँ, झूठ-अहं-अहंकार जले तो हर दिन होली है' कविता सुनाकर भारत के विश्व गुरु बनने की कामना शब्दों में व्यक्त की। सोमेश्वर व्यास ने 'प्यार से बढ़कर कोई रंग नहीं इसमें भीगकर झोली भर लो, महंगाई का रंग गहरा है इस पर किसी का नहीं पहरा है।' कविता सुनाकर बढ़ती महंगाई पर तंज कसा। व्यास ने 'जगत में कोई नहीं परमानेंट।' कविता सुनाकर जीव-जगत की नश्वरता को रेखांकित किया। तेजपाल उपाध्याय ने 'रागों और रंगों में तुमने बुराई क्यों घोली नीले-पीले रंग छोड़कर कींचड़ से होली क्यों खेली।' कविता के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित फूहड़ता पर व्यंग प्रहार किया। उपाध्याय ने 'गणगौर तो लकड़ी की ही आछी' राजस्थानी रचना सुनाकर गोष्ठी को हास्यमय कर दिया। ओम माली 'अंगारा' ने 'हरी-पीली-लाल गुलाल मैं किसे लगाऊँ मल-मलके पिया तुम तो बसे परदेश इन नैनन ते नयन-नीर बरसे।' रचना के माध्यम से विरहिणी नायिका की पीड़ा को शब्दों में अभिव्यक्त किया। अंगारा ने 'श्रम-अनल में तपकर पाऊँ फतह सहज सफलता की अभिलाषा नहीं।' कविता से सन्देश दिया कि विजयपथ का सफर सुगम नहीं होता। डॉ परमेश्वर कुमावत 'परम' ने 'फागण फाग उडातो आवे रे सांवरिया रे मंदिर में मीरा फाग मनावे रे' कविता से गोष्ठी को संगीतमय कर दिया। एडवोकेट दीपक पारीक ने 'होली पर हो गई नेताओं की नीयत पानी-पानी' कविता से शाहपुरा में सियासी भूचाल पर व्यंग्य प्रहार किया। पारीक ने 'रग-रग में जो दौड़ रहा वह समझदारी है वक्त भले पलट जाए रक्त में वफादारी है।' कविता सुनाकर मातृभूमि के प्रति वफादार रहने का संदेश दिया। गोपाल लाल पंचोली ने अपनी कविता 'होली आई होली आई छलना बन ठगने आई' व्हाट्सएप की जिसका वाचन तेजपाल उपाध्याय ने किया। डॉ योगेंद्र शर्मा ने गोष्ठी हेतु कविता का वीडियो बनाकर मथुरा से पोस्ट किया। जिसे गोष्ठी में प्ले किया गया। अंत में गोष्ठी में प्रस्तुत रचनाओं की विवेचना संस्था के अध्यक्ष तेजपाल उपाध्याय ने की।

# मेडिकल कॉलेज में 87 नर्सिंग ऑफिसर्स के पद समाप्त करने का विरोध, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, भीलवाड़ा ने आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग ऑफिसर्स के 87 पदों को अचानक विलोपित (समाप्त) किए जाने के सरकारी आदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम पृथक-पृथक ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन में बताया गया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में 5 मार्च 2026 को जारी एक आदेश के तहत मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा से नर्सिंग ऑफिसर्स के 87 पदों को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है, जिससे वहां कार्यरत 87 नर्सिंग कर्मी अब अधिशेष हो गए हैं।

एसोसिएशन ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये नर्सिंग ऑफिसर्स पिछले 9 वर्षों से, यानी जब से मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ है, तब से वहां अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। कॉलेज को स्थापित करने और सुचारू रूप से चलाने में इन कर्मियों का बड़ा योगदान रहा है, लेकिन अब अचानक पद समाप्त कर देने से इन कर्मचारियों के सामने गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि या तो मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में इन खत्म किए गए पदों को पुनः स्वीकृत किया जाए, या फिर इन अधिशेष हुए सभी 87 नर्सिंग ऑफिसर्स को जिले के ही अन्य चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। नर्सेज एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन को मजबूरन बड़े आंदोलन की राह अपनानी पड़ेगी। इस मौके पर मुख्य संरक्षक फरीद मौहम्मद, जिला संयोजक सांवर मल सोनी,आशीष डीडवानिया,विनोद वर्मा, नवनीत त्रिपाठी, विमला व्यास, नीलू सुखवाल, हंसा सेन, दीनबंधु चतुर्वेदी, कमला पहाड़िया, विश्वनाथ तिवाड़ी, विवेक टेलर आदि उपस्थित थे।

# फतहसागर पाल पर गूंजा णमोकार महामंत्र जाप एवं महाआरती में उमड़े सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं

**मूलनायक सुमित नाथ भगवान के जन्म ज्ञान मोक्ष कल्याणक पर हुआ विशेष आयोजन, हजारों लोगों ने एक ध्वनि में विश्व शांति की भावना के साथ णमोकार महामंत्र पाठ किया**

स्मार्ट हलचल| उदयपुर





श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन पंचायत समिति धान मंडी के तत्वाधान मूलनायक सुमित नाथ भगवान के जन्म ज्ञान मोक्ष कल्याणक के अवसर पर त्रि दिवसीय कार्यक्रम के जीव दया के अंतर्गत सर्वप्रथम गौशाला में अभिषेक जैन एवं युवा, महिला संगठन के साथ पशुपति गौशाला मे सैकड़ों पशुओं के लिए चारा गुड़ आहार वितरण किया गया। संयोजक सम्राट जैन शास्त्री ने बताया कि सांय कालीन वेला में फतहसागर की पाल पर सैकड़ो श्रावक-श्राविकाएं की उपस्थिति रहे।

तारिका पाटनी आर के मार्बल परिवार द्वारा मंगल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया देवाली मन्दिर की बच्चियों ने सुंदर मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विद्वत सम्राट शास्त्री के नेतृत्व में संगीतमय महामंत्र णमोकार मंत्र शुरू हुआ। णमोकार मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला, हजारों लोगों ने एक ध्वनि में विश्व शांति की भावना के साथ मंत्र पाठ किया। अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल और सतीश अग्रवाल ने बताया की प्रथम बार फतहसागर पाल पर संगीतमय भक्ति के साथ सैकड़ों दीपो के द्वारा श्री सुमित नाथ भगवान की आरती की गई, उपमंत्री मन्दिर संजोजक तरुण अग्रवाल ने बताया की इस कार्यक्रम मे मुख्य भूमिका श्री पार्श्वनाथ देवाली मन्दिर परिवार की रही, घंटो तक लोग प्रभु की भक्ति मे झूमते रहे, चारो तरफ जग मग दीपो की रोशनी से लोगों के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने की भावना भाई गई है।

सुरेश जी देवाली ने बताया की वामा महिला मंडल ने आइसक्रीम वितरण की, ललित अग्रवाल ने बताया णमोकार मंत्र मे उपस्थित सभी बच्चों को अग्रवाल दिगम्बर जैन पंचायत की तरफ से पुरस्कार प्रदान किय गय,नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक आयोजन किया गया।

इसके पश्चात महा आरती का अशोक अग्रवाल परिवार ने की। प्रभावना प्रदीप अग्रवाल रिवाज इवेंट्स की ओर से वितरण की गई। तरुण जैन ने बताया की 28 मार्च को श्रीजी की पालकी ध्वजारोहण सुमतिनाथ विधान का आयोजन सम्राट शास्त्री के निर्देशन में होगा। अशोक, कमलेश ने बताया की आयोजन के पश्चात स्वामी वात्सल्य का आयोजन होगा। इस अवसर पर महिला समिति की दीपिका जैन, बिन्दु जैन, पिनु जैन, नेहा जैन, गीता अग्रवाल एवं सम्पूर्ण महिला समिति उपस्थित रहे।

## भक्ति और एकता का अद्भुत संगमः नवकार महामंत्र रथ यात्रा का स्वागत



स्मार्ट हलचल

**टोंक/सवाई माधोपुर।** जैन समाज की अग्रणी संस्था जीतो (छ्द्ढ्ह) द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र के वैश्विक आयोजन को लेकर जनजागरण अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में नवकार महामंत्र रथ यात्रा का आज सवाई माधोपुर में भव्य स्वागत किया गया, जहां श्रद्धा और उत्साह का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

यह रथ यात्रा शहर के बजरिया क्षेत्र पहुंची, जहां से आस्था सर्किल से जैन स्थानक तक भव्य जुलूस निकाला गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु नवकार महामंत्र का जाप करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। पूरे मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर रथ का अभिनंदन किया। संस्था द्वारा 9 अप्रैल 2026 को भारत सहित विश्व के 108 देशों में स्थित मंदिरों, उपासरों और स्थानकों पर एक साथ सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। इस महाअभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह रथ यात्रा विभिन्न शहरों में भ्रमण कर रही है। जुलूस में अनिल एडवोकेट, मनोज, महेन्द्र चोरू, पदम पार्षद, पदम अलीगढ़, प्रेम लहसोड़ा, बाबूलाल, मुकेश पान, पुष्पेंद्र आलनपुर, सुनील, कमलेश देवली सहित जैन समाज के अनेक गणमान्य सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे। रथ यात्रा के स्वागत ने शहर में धार्मिक आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## पंच गौरव - तैराकी प्रशिक्षण शिविर नन्हें तैराक सीख रहे खेल की बारीकियां

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से प्रारंभ की गई पंच गौरव योजनान्तर्गत जिला कलक्टर नमित मेहता की पहल पर उदयपुर में नवोदित तैराकों के लिए महाराणा प्रताप खेलगांव में चल रहे आवासीय प्रशिक्षण शिविर में नन्हें तैराक खेल की बारीकियों से रूबरू हो रहे हैं।

पंच गौरव योजना के तहत जिले में नवाचार करते हुए जिला प्रशासन, उदयपुर विकास प्राधिकरण तथा खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय टेलेन्ट सर्च प्रतियोगिताएंकराई गई। इन प्रतियोगिताओं के आधार पर प्रत्येक ब्लॉक से 10-10 खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में आए हुए तैराकों को प्रातःकालीन सत्र में खेल गतिविधि, योगा एवं तैराकी खेल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल बताया कि प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को प्रात कालीन सत्र में पूर्व महापौर रजनी डांगी, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर मुख्यालय से नरेन्द्र भूरिया खेल प्रबंधक ने शिविर में चल रहे विस्तृत कार्यक्रमों की जानकारी ली। पूर्व महापौर रजनी डॉगी ने खिलाडियों के साथ संवाद किया और बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के बाद भी अपने - अपने गांव में जाकर जो तकनीकी सीखी है उसका निरन्तर अभ्यास जारी रखें और पंचायत के साथ-साथ जिले एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें। उन्होने इस खेल को बढावा देने हेतु जिला खेल अधिकारी की सराहना की। साथ ही जिला खेल अधिकारी डॉ. पालीवाल को निर्देश प्रदान किये कि इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान करावे जिससे तैराकी खेल को बढावा मिले सके। इसके पश्चात् तैराकों द्वारा सायं काल सत्र में अभ्यास किया गया। इसमें तैराकों को विभिन्न ग्रुप में विभाजित कर बैक स्ट्रोक एवं अन्य तकनीक का अभ्यास करवाया गया। डॉ. पालीवाल के निर्देशन में अनिल कुमावत, सुनील कुमावत, सुनील नकवाल, संदीप सोनी, धरमवीर नेहा कुमावत, राजेश चौहान दिलीप पुरोहित ने तैराकों को फ्री स्टाइल एवं बेक स्ट्रोक अभ्यास करवाया। साथ ही सोमवार सभी तैराकों को खेल पोशाक में लोवर टीशर्ट, जूते एवं मौजे प्रदान किए गए।

## शहीद दिवस पर अमर बलिदानियों को किया नमनः महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान एवं श्रद्धांजलि अर्पित

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



शहीद दिवस के अवसर पर निंबाहेड़ा के स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में देश के अमर बलिदानियों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्मरण किया गया। इस अवसर पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई, निंबाहेड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित तीनों शहीदों के स्मारकों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। प्रातः 10:45 बजे प्रारंभ हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर सक्रिय सहभागिता निभाई। स्वच्छता अभियान के पश्चात उपस्थित जनों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस दौरान 'इंकलाब जिंदाबाद' एवं 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से संपूर्ण परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इन अमर शहीदों का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम एवं प्रेरणादायी अध्याय है। उनके अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रप्रेम से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

इस अवसर पर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक एनएसयूआई अध्यक्ष भंवर सिंह शक्तावत, नगर एनएसयूआई अध्यक्ष राहुल सेन सहित नवरत्न प्रजापत, करण जीनगर, उबैद खान,राघव लड्ढा, सूरज मीणा, दिनेश धाकड़, ब्रजेश धाकड़, निखिल आंजना, समीर मीणा, सुमित जाट, आदित्य जाट, तनीश माली, तनीश पाटीदार, सूरज सालवी, रोशन कुमावत, हर्षित सेन, साहिल खान, निलेश धाकड़, शुभम कुमावत, राघव अग्रवाल, विक्की चोपड़ा, आशुतोष ,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मासिक संगीत गोष्ठी में सैक्सोफोन वादन 25 को

**हरियाणा रोहतक के बिरेंद्र कुमार देंगे सैक्सोफोन वादन की प्रस्तुति**

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



गुलाब बाग रोड मातुल कृपा स्थित अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में चैत्र मासिक संगीत गोष्ठी एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 25 मार्च बुधवार को शाम 5:00 बजे संस्थान परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर मूलतः हरियाणा रोहतक के संगीत कलाकार बिरेंद्र कुमार सैक्सोफोन वादन की प्रस्तुति देंगे। संस्थान निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि बिरेंद्र कुमार 26 साल से ब्रास बैंड के उत्कृष्ट कलाकार और संगीत शिक्षक हैं इन्होंने कई बड़े-बड़े मंचों पर अपने शिष्यों को तैयार कर ब्रास बैंड की उम्दा प्रस्तुति करवाई है। वर्तमान में बिरेंद्र कुमार ट्रंपेट ब्रास बैंड और सैक्सोफोन की शिक्षा अपने विद्यार्थियों को दे रहे हैं।

## गणगौर महोत्सव नारियों के अखंड सौभाग्य और कन्याओं के जीवन साथी की कामनाओं का प्रतीक : सुशीला आक्या

स्मार्ट हलचल



**राजपुरा।** चित्तौड़गढ़ के हाउसिंग बोर्ड गांधीनगर में श्री मंशापूर्ण महादेव पार्क में गणगौर महोत्सव के त्रिदिवसीय गणगौर उत्सव के द्वितीय दिवस के शुभअवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशीला आक्या पूर्व प्रधान भदेसर ने अपने मुख्य उद्बोधन में कहा कि भारतीय समाज में त्योहारों और उत्सवों के माध्यम से ही सामाजिक परंपराओं और रीति रिवाज़ों को जीवंत और संरक्षित रखा जाता है और कहा कि इस गणगौर महोत्सव पर महिलाएँ अपने अखंड सौभाग्यवती रहने हेतु पति की लंबी उम्र की कामना करती है तथा कन्याएँ अपने भावी जीवन साथी की प्राप्ति हेतु व्रत कर संकल्प लेती है । इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जौहर क्षत्राणी संस्था की अध्यक्ष निर्मला कंवर ने बताया कि गणगौर महोत्सव का आयोजन करना नारी जागृति एवं सम्मान का एक मज़बूत स्तंभ है इसके माध्यम से समाज के सामाजिक, आध्यात्मिक ,बौद्धिक एवं सामाजिक समरसता के मौलिक मूल्य एवं संस्कारों की स्थापना होती है ।कार्यक्रम की मुख्य कर्णधार मनीषा अमराणा ने बताया कि कार्यक्रम महिलाओं के सामूहिक नृत्य, प्रतियोगिता , क्विज़ प्रतियोगिता,बालिकाओं एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओ और उपविजेताओं को पारितोषिक वितरण किया गया है इस कार्यक्रम में जौहर क्षत्राणी संस्था की सदस्य सरोज कंवर भाटी,राज कंवर खेड़ियाँ , सरिता नगरी , हाउसिंग बोर्ड की कार्यक्रम प्रभारी लता कुमावत ,श्रद्धा खण्डेलवाल, माया शर्मा, पार्वती राजौरा, सीता देवी गीता देवी , लक्ष्मी खंडेलवाल ,गिरजा पालीवाल, ज्ञानवती बोरीवाल, ललिता शर्माऔर सपना जोशी उपस्थत थी संचालन संयोजिका डॉ . पूजा राजौरा ने किया।

## 15 प्रकरण निस्तारित, 28 लाख 70 हजार रूपए के अवार्ड पारित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में पीड़ित प्रतिकर स्कीम की बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक मेंएम.ए.सी.टी. क्रम संख्या 2 के न्यायाधीश भवानी शंकर पण्ड्या, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश अमित सहलोत, पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश पलविंदर सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबिका सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखमनराय, लोक अभियोजक रामकृपा शर्मा एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र जैन भी उपस्थित रहे ।

प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि बैठक में 15 प्रकरण निस्तारित किये गए जिनमें पीडित एवं उनके आश्रितो को 28 लाख 70 हजार रूपये के पीडित प्रतिकर के अवार्ड पारित किये गए । पीड़ितों के परिजनों व आश्रितों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये पृथक-पृथक राशि स्वीकृत की गई, जो उनके बचत खातों में जमा कराने तथा एफ. डी.आर. करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बलात्संग, हत्या, एवं पोक्सों के प्रकरणों में पीड़ित प्रतिकर के तहत मुआवजा राशि पीडित एवं पीडित पक्षकार के आश्रितों को दी जाती है ।

### विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति की बैठक

विचाराधीन बंदी समीक्षा समिति की बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरणों की समीक्षा की गई जिन्होंने अधिकतम सजा अवधि की आधी सजा भुगत ली है एवं प्रकरण अभी भी विचाराधीन है।

# ब्यावर में कांग्रेस का प्रचंड जल-आक्रोशः घेराव से डरे एक्सईएन सुनील कुमार कार्यालय से नदारद, आक्रोशित महिलाओं ने फोड़े मटके

**इन्द्रदेव की कृपा से बीसलपुर लबालब, फिर भी ब्यावर प्यासा; भाजपा राज में निकम्मे नेताओं के संरक्षण में अधिकारी झाड़ रहे जिम्मेदारी से पल्ला: एडवोकेट अजय शर्मा**

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त भीषण पेयजल संकट, दूषित आपूर्ति और 'जल जीवन मिशन' की विफलता के खिलाफ आज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में अजमेर रोड़ स्थित जलदाय विभाग कार्यालय का ऐतिहासिक घेराव और विशाल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान उस समय भारी जन-आक्रोश फूट पड़ा और माहौल गरमा गया जब पूर्व निर्धारित समय के बावजूद अधिशासी अभियंता सुनील कुमार कोर्ट की पेशी का बहाना बनाकर कार्यालय से नदारद मिले।

प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों के नदारद रहने और लंबे समय से गंदे पानी की समस्या से त्रस्त दर्जनों महिलाओं का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित महिलाओं ने जलदाय विभाग कार्यालय के मुख्य द्वार पर जमकर मटके फोड़े और विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। महिलाओं ने विरोध स्वरूप अधिकारियों के लिए लाए गए दूषित एवं बदबूदार पेयजल की बोतलें कार्यालय में सौंपी और चेतावनी दी कि यदि उन्हें स्वच्छ पानी नहीं मिला तो अगला घेराव अधिकारियों के निवास पर होगा। अधिकारियों की भगोड़ा प्रवृत्ति पर बरसे अजय शमाः उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एडवोकेट अजय शर्मा ने तीखा प्रहार करते हुए कहा, 'यह बेहद शर्मनाक है कि पहले सीएमएचओ समय देकर अपनी सीट छोड़कर भाग खड़े हुए थे और आज एक्सईएन भी जनता के सवालों से बचने के लिए भाग छूटे हैं। भाजपा राज में केवल नेता ही निकम्मे नहीं हैं, बल्कि उनके संरक्षण में अधिकारी भी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के बहाने ढूँढ रहे हैं। कांग्रेस अब इन्हें चैन से बैठने नहीं देगी और जनता को अधिकार दिलाकर रहेगी।'

ज्ञापन में शामिल प्रमुख ज्वलंत मुद्देः एडवोकेट अजय शर्मा ने विभाग को सौंपे गए विस्तृत ज्ञापन में निम्नलिखित गंभीर अनियमितताओं को रेखांकित किया:

बीसलपुर का हक और दोगलापनः 1994 के ऐतिहासिक संघर्ष से मिले हक के बावजूद जिला मुख्यालय पर 72 से 96 घंटे में सप्लाई होना अक्षम्य है। जल जीवन मिशन की विफलताः ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को 10 से 12 दिनों में एक बार पानी मिल रहा है। दूषित पानी एवं टंकियों की सफाईः गोदावरी स्कूल मार्ग, नन्दनगर, जमालपुर, सोहन नगर, सेन्दड़ा रोड़ और गोपाल जी मोहल्ला में सीवरेज मिश्रित पानी की सप्लाई हो रही है। वर्षों से टंकियों की सफाई नहीं हुई है।

वसूली का आतंकः विभाग समय पर बिल नहीं बांटता और अब कनेक्शन काटने की धमकियां देकर उपभोक्ताओं के साथ अशोभनीय व्यवहार किया जा रहा है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

शहर में प्रतिदिन न्यूनतम 2 घंटे समयबद्ध जलापूर्ति सुनिश्चित हो।

24 घंटे का कंट्रोल रूम स्थापित हो तथा सोशल मीडिया पर नियमित अपडेट जारी हों।

बड़े क्षमता वाले अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण हो।

आगामी ग्रीष्म ऋतु हेतु नए हैंडपंपों की स्वीकृति एवं खराब हैंडपंप सुधार।

पनघट योजना तत्काल चालू हो।

असमय वसूली अभियान एवं धमकियां रोकी जाएं; दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

अल्टीमेटमः एडवोकेट अजय शर्मा ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिवस के भीतर लिखित कार्ययोजना और धरातल पर सुधार नहीं दिखा, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन, चक्का जाम और तालाबंदी करेगी।

उपस्थितिः प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक माणक डाणी, पीसीसी सदस्य पारस पंच, कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अरविंद माथुर, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनीष साँखला, मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, सेवादल यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार, पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, गोविंद पंडित, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अजमत काठात, महिला कांग्रेस पीसीसी सचिव सुलक्षणा शर्मा, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल, पूर्व पार्षद हारून छीपा, घनश्याम फुलवारी, रामनिवास सेन, अजय मूंदड़ा, मजीद कुरैशी, रामचन्द्र टेलर, भुवनेश शर्मा, सम्पत्ति बोहरा, सतीश जाग्रत, रामेश्वर मेवाड़ा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रह्लाद सेन, अशोक साहू, रामलाल लखन, गोपाल साँखला, हनुमान साँखला, रामस्वरूप डागर, संदीप साँखला, साहिल श्रीश्रीमाल, अयूब गौरी, शकील अहमद, ऋषि लाम्बा, अधिवक्ता शम्भू यादव, अनिल शर्मा, गोपाल डाणी, प्रवीण बडोला, पवन तातेड़, जितेंद्र राजावत, ललित सोनी, रफीक छीपा, माणक बोहरा, कमलेश बोहरा, सुनील चौहान, अश्विनी प्रजापति, अरविंद मेवाड़ा, चेतन भट्ट, त्रिभुवन राय शर्मा, देवकरण शर्मा, मो अफजल सिलावट, आरिफ, धर्मेंद्र बारिया, दिलीप सोलीवाल, राधिका, विमल, प्रियंका, चंदा, माही, पूजा,ऋषिका, मैना, लक्ष्मी वर्मा, रवि डंडायत, वृतन्जय आर्य, कान्हा पंवार, मोनू साँखला, राकेश भाटी, अर्जुन साँखला सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 25 मार्च से शाहबाद के जंगलों को बचाने के लिए जन-जागरण अभियान

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजस्थान के बाराँ जिले के अन्तर्गत शाहबाद वन जंगल बहुत ही घना एवं पर्यावरणीय दृष्टि से हाड़ौती क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, केन्द्र सरकार ने 1800 मेगावाट की पम्पड स्टोरेज जल विद्युत परियोजना के लिए इस क्षैत्र की 407 हैक्टर भूमि एक नीजी कम्पनी को दे दी है, जिसके अन्तर्गत सरकार के हिसाब से 1.19 लाख वृक्षों की बलि दी जायेगी, इसको बचाने के लिए कल से चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं अभियान के संयोजक कुन्दन चीता एवं अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के नेतृत्व में किशोर सागर की तालाब पर 25 मार्च को प्रातः 11 बजे एक विरोध प्रदर्शन रखा गया है, इसके बाद हाड़ौती भर में प्रमुख स्थलों पर रैलीयाँ एवं ज्ञापन देने जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें । चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं अभियान के संयोजक कुन्दन चीता एवं अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इससे पूर्व हमने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र दिनाँक 19 मार्च को लिखकर गुहार लगाई थी की आप इस जंगल को बचाने के लिए स्व-संज्ञान ले लेकिन वहां से हमें कोई प्रति-उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है । उन्होने कहा की जब तक इस जंगल को बचाने के लिए जनता में जनजागृति पैदा नहीं की जायेगी और जनता इस जंगल को बचाने के लिए आगे नहीं आती है तब तक यह जंगल अब नहीं बच पायेगा, इसलिए इसको बचाने के लिए हम 25 मार्च से जन-जानगरण अभियान की शुरूआत करने जा रहे है, इसमें हम जनता को इस जंगल के महत्व एवं उसके नष्ट होने से आमजन को होने वाले नुकसान के बारे में उन्हे बताते हुए जागृत करेगें।

# वसुंधरा बहुत पछताई, अब के कुर्सी हाथ न आई

## हेला ख्याल दंगल में आतंकवाद, मिलावट, कलयुग का प्रभाव, देश के वर्तमान हालातों एवं राजनीति पर गायन पार्टियों ने प्रस्तुत की रचनाएं, दंगल में उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गणगौर मेले के अवसर पर यहां सीताराम जी के मंदिर के सामने बनाए गए पांडाल में चल रहे हेला ख्याल दंगल में सोमवार को गायन पार्टियों ने आतंकवाद, मिलावट, कलयुग का प्रभाव, देश के वर्तमान हालातों, राजनीति एवं भ्रष्टाचार पर रचनाएं प्रस्तुत की। इसके अलावा गायन पार्टियों ने महाभारत, रामायण सहित विभिन्न धार्मिक ग्रंथो से जुड़े प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बजरंग मंडल माड का जाहीरा (बामनवास) गायन पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2023 पर 'वसुंधरा बहुत पछताई, अब के कुर्सी हाथ न आई, भजनलाल को आयो नाम, राजे अचरज में पड़ गई है' रचना प्रस्तुत की। ग्राम पंचायत जटवाडी (सपोटरा) गायन पार्टी ने अभिमन्यु वध का बदला एवं जयद्रथ वध प्रसंग पर रचनाएं प्रस्तुत की जिन्हें श्रोताओं ने खूब



सराहा। मीणा मंडल सूरौठ गायन पार्टी ने जैमिनी ऋषि प्रसंग पर रचनाएं प्रस्तुत की जिन पर लोगों ने खूब तालियां बजाई। हेला ख्याल दंगल में बामनवास, हनुमान मंडल मीना बड़ौदा, बजरंग मंडल खरैरी, सूरौठ, रामसहाय मंडल हिंडौन, सोंप, खान खेड़ा, जटवाडी, जाहीरा, बागरैन सहित कई गायन पार्टियों ने राजनीति, कलयुग के प्रभाव, एतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत की। हेला ख्याल रचना शुरू करने से पहले मेला कमेटी संयोजक राम अवतार शर्मा, नरेंद्र बाबा, केदार मीणा, प्रमोद तिवाड़ी, संपत कटकड़िया, रामचरण जंगम, वेद प्रकाश शर्मा, विश्राम मीणा, जाकिर हुसैन, राजेंद्र शर्मा, अमर सिंह मीणा, राजेंद्र विजय, राकेश शुक्ला, रघुनाथ पटेल आदि ने गायन पार्टियों के कलाकारों का सम्मान किया। दंगल में गायक कलाकारों ने बम बजाकर डांस किया। हेला ख्याल दंगल गणगौर मेले में आकर्षण का केंद्र रहा। कस्बे में हेला ख्याल दंगल करीब 280 साल से आयोजित हो रहा है।

# कौशल केंद्र एवं विशाल चरखे का उद्घाटन





स्मार्ट हलचल|बूंदी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, कोटा में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में नवनिर्मित नवाचार एवं कौशल केंद्र का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय रावत द्वारा किया गया। नव निर्मित इस भवन का निर्माण नई राट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के उद्देश्य हेतु करवाया गया है। इसी अवसर पर स्वदेशी और स्वावलंबन की नई मिसाल प्रस्तुत करते हुए बांस से हस्त निर्मित विशाल चरखे का भी उद्घाटन फीता काटकर किया गया। विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शो और खादी के गौरव को जीवंत करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पधाधिकारीगण एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री रोहिताश्व सिंह तंवर, उप प्राचार्य श्री ब्रिजेंद्र कुमार तिवारी और मुख्यअध्यापक श्री शुभम जोशी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। यह चरखा न केवल विद्यालय की शोभा बढ़ायेगा, बल्कि विद्यार्थियों को 'मेक इन इंडिया' और स्वदेशी के महत्व की प्रेरणा भी देगा। इस अवसर पर संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर संजय रावत ने कहाः 'यह चरखा केवल एक संरचना मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं के लिए गांधीजी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने का प्रतीक है।

इस विशालकाय संरचना को वास्तविकता में बदलने के पीछे एक समर्पित टीम की कड़ी मेहनत रही है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में मुख्य भूमिका श्री अब्दुल इरशाद खान, श्री रियाज मोहम्मद मंसूरी एवं श्री बंशी लाल मेघवाल की रही। उनके इस सपने को पूरा करने में श्री रामस्वरूप रैगर एवं श्री मनोहर लाल परमार एवं अन्य सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों दवारा समय-समय पर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य ने निर्माण टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विशाल चरखे का निर्माण विद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है, जो विद्यार्थियों को श्रम की महत्ता और कलात्मक कौशल के प्रति जागरूक करेगा। इस चरखे का ह्श्वक्क 2020 के उद्देश्यों को पूरा करने में भी योगदान रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों में खादी और गांधीवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार भी होगा।

# पीड़ित प्रतिकर स्कीम के प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु बैठक हुई आयोजित



स्मार्ट हलचल|बूंदी

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) बून्दी संदीप कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत लम्बित 08 प्रार्थना-पत्रों पर विचार-विमर्श किया जाकर कुल 06 प्रार्थना पत्र स्वीकार कर 9,25,000/- अक्षरे नौ लाख पच्चीस हजार रूपये की अवार्ड राशि पारित की गई।

प्राधिकरण की सचिव सरिता मीणा ने बताया कि अपराध के परिणामस्वरूप शारीरिक या मानसिक वेदना/क्षति से ग्रस्त हुए पीड़ितों को समाज में पुनर्वास व आत्म-सम्मान के साथ जीवन यापन करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे पीड़ितों और उनके आश्रितों को प्रतिकर स्कीम के अन्तर्गत प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई।

बैठक में न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्र.सं. 01 बून्दी पंकज नरूका, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय बून्दी सुमन गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बून्दी मनोज तिवारी, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, अति. जिला पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा व अध्यक्ष अभिभाषक परिषद बून्दी नारायण सिंह गौड़ उपस्थित रहे।

# रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट के लिए सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर 3% लाभ की सुविधा

## डिजिटल भुगतान को बढ़ावा, यात्रियों को टिकट बुकिंग में होगी सीधी बचत

स्मार्ट हलचल|कोटा

भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को डिजिटल माध्यमों से अधिक सुविधा, पारदर्शिता एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित रेल टिकट बुकिंग पर अब सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर 3 प्रतिशत लाभ की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में भी यह सुविधा प्रायोगिक रूप से दिनांक 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू की गई है, जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग में सीधी बचत का लाभ मिल सकेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि अब तक रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल आर-वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा मिलती थी, किन्तु यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस लाभ को अब सभी डिजिटल



भुगतान माध्यमों तक विस्तारित किया गया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत यदि यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा अन्य स्वीकृत डिजिटल माध्यमों से भुगतान करते हैं, तो उन्हें टिकट मूल्य पर 3 प्रतिशत का लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि यह पहल विशेष रूप से दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों, उपनगरीय क्षेत्रों के यात्रियों तथा अनारक्षित श्रेणी में यात्रा करने वाले आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे यात्रियों को काउंटर पर लंबी कतारों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ कैशलेस लेन-देन को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेलवन ऐप, जिसे सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स द्वारा विकसित किया गया है, एकीकृत सुपर ऐप के रूप में विभिन्न यात्री सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। यात्री इस ऐप को प्ले स्टोर अथवा ऐप स्टोर से डाउनलोड कर आसानी से लॉग इन कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट, आरक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन एवं स्टेशन से जुड़ी जानकारी, शिकायत निवारण सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए रेलवन ऐप के जरिए टिकट बुकिंग करें और इस सुविधा का लाभ उठाएं। यह पहल यात्रियों के समय एवं धन की बचत के साथ-साथ रेलवे सेवाओं को और अधिक आधुनिक, सरल एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# नवरात्रा में प्रतिदिन वीर सांगा जी की आरती



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद में अदालत चौराहा पर वीर शिरोमणि पटेल साँगा जी महाराज की प्रतिमा लगाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत श्री सांगा संघर्ष समिति ने एक नई पहल की है। नवरात्रि के पावन पर्व पर आज चतुर्थ नवरात्रि के अवसर पर साँगा चौराहा पर प्रतिदिन वीर शिरोमणि पटेल साँगा जी महाराज की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। यह आरती नवरात्रि में प्रतिदिन की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि साँगा जी महाराज की प्रतिमा लगाने कि माँग को प्रशासन को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए। समिति के सदस्यों ने कहा कि साँगा जी महाराज सांगोद के इतिहास के एक महत्वपूर्ण हिस्से हैं और उनकी प्रतिमा अदालत चौराहा पर लगाना सांगोद के लोगों की भावना है। उन्होंने कहा कि जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# सर्व समाज ने किया शहीद दिवस पर रक्तदान, 68 यूनिट रक्त संग्रहण



स्मार्ट हलचल

**हिण्डौन।** जाट समाज चौरासी व सर्व समाज के तत्वावधान में 68 रक्तवीरो ने रक्तदान। जाट समाज चौरासी के मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर जाट समाज चौरासी व सर्व समाज के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पुनीत अवसर पर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान किया । जाट समाज चौरासी व सर्व समाज के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ जिसमें 68 रक्तवीरो ने किया रक्तदान जिससे से 42 रक्तवीरो ने पहली बार रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ हिस्सा लिया और रक्तदान किया। रक्तदान करके रक्तवीरो ने अपील करते हुए कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहें और जरूरतमंद मरीजों को बचाया जा सके। इस शिविर में डॉ बृजेश चौधरी, डॉ रामराज मीना, रिन्कू जाटव, जीवन ज्योति फाउंडेशन के संचालक ओमप्रकाश डागुर व उनकी पत्नी पुष्पा देवी ने भी रक्तदान किया। सोनू सैनी, लव सोलंकी, के के चौधरी, जनक सिंह, रामनिवास डागुर, सत्यप्रकाश डागुर, विजय सोलंकी, योगेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, श्यामसुंदर, मन्नू चौधरी, राजश्री करसोलिया,राजवीर डागुर, नटवर सिंह सहित सैकड़ों रक्तवीरो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी, महामंत्री देवी सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष विजय सिंह बाबू, चौवीसा अध्यक्ष विष्णु डागुर, वजीरपुर ब्रांच अध्यक्ष रामकिशोर पटेल, महू ब्रांच अध्यक्ष भगवान सिंह सोलंकी, सरपंच संघ अध्यक्ष भूदेव डागुर, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सोलंकी, अन्तूलाल, गुलाब सिंह, विजय सिंह, बाबू सिंह बैनीवाल, प्रताप बैनीवाल, रमन सिंह, ओमप्रकाश पीटीआई, हरीश डागुर , सहित सर्व समाज के सम्माननीय सरदारी उपस्थित रहीं।

# शहीद दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



स्मार्ट हलचल| कोटा

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, कोटा द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कोटा में जागरूकता कार्यक्रम एवं मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में 23 मार्च 1931 के ऐतिहासिक बलिदान को याद करते हुए कहा कि शहीदों का त्याग आज भी देशवासियों के हृदय में देशभक्ति, साहस और समर्पण की भावना को जागृत करता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री प्रेम सिंह ने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया। संस्थान के श्री धर्मेंद्र ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं श्री रामदत्त वैष्णव ने कहा कि शहीदों का जीवन हमें हर परिस्थिति में राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सीख देता है।

कार्यक्रम को रोचक बनाने हेतु शहीद दिवस विषय पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# परस्पर सहयोग और प्रेम भाव ही संगठन की सफलता की है कुंजी-बृजमोहन गोयल





स्मार्ट हलचल

**बारां।** अस्पताल रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 'महाराजा अग्रसेन अधिकारी कर्मचारी समिति' द्वारा आयोजित 'होली स्नेह मिलन समारोह' हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए अधिकारी-कर्मचारियों ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया, बल्कि समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती का संकल्प भी दोहराया।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद गर्ग, कार्यक्रम अध्यक्ष बृजमोहन गोयल, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र गुप्ता (अध्यक्ष, अग्रवाल समाज बारां), अशोक बंसल (पूर्व अध्यक्ष) एवं सतीश गोयल (महामंत्री) द्वारा मां सरस्वती, कुलदेवी माता लक्ष्मी और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण

समिति के मंत्री वीरेंद्र गोयल के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को पांच समूहों– पृथ्वी, आकाश, अग्नि, नाग, और ब्रह्मोस में विभाजित किया गया।

मैजिकल चेयरः सबसे पहले दलों के बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता हुई, जिसमें एडवोकेट वर्ग ने बाजी मारी। कार्यक्रम में मनोज गोयल ने मुकेश के गाने गाकर समां बांध दिया।

रस्साकशीः पुरुष, महिला और बच्चों के दो-दो दल बनाकर रस्साकशी करवाई गई। 'भारत माता' और 'मां दुर्गा' के जयकारों के बीच सभी ने अपना दमखम दिखाया।

तंबोलाः दूसरे सत्र में तंबोला गेम का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि आनंद गर्ग ने कहा, 'अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रहा है और देश के विकास में हमारा महत्वपूर्ण योगदान है। अध्यक्ष बृजमोहन गोयल ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परस्पर सहयोग और प्रेम भाव ही किसी भी संगठन की सफलता की कुंजी है। विशिष्ट अतिथियों ने भी समिति के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक संजय गर्ग, संरक्षक मंडल से डॉ. इंद्र नारायण, बाबूलाल गोयल, द्वारकालाल बंसल, सुनील गुप्ता, राजकुमार बंसल, दीपेश बंसल, मधुरिमा अग्रवाल, सविता गर्ग सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

# होली मिलन में समाज सेवा की मिसाल, 30 महिलाओं को पेंशन व राशन किट वितरित

## संगठन में शक्ति का संदेशः राजपूत समाज ने बांटी पेंशन और राशन किट

स्मार्ट हलचल| कोटा

संगठन में शक्ति के संदेश को साकार करते हुए राजपूत समाज कोटा द्वारा कंसुआ स्थित एक मैरिज गार्डन में होली मिलन समारोह के साथ पेंशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार और सहयोग की भावना प्रमुख रूप से देखने को मिली।

आयोजक रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश एवं विवेक सिंह सिसौदिया ने बताया कि समाज के सहयोग से 30 महिलाओं को प्रतिमाह □800 की पेंशन दी गई।तीन परिवारों की आर्थिक सहायता से शुरू हुआ यह अभियान आज 30 जरूरतमंद एवं विधवा महिलाओं तक पहुंच चुका है। अब तक संगठन द्वारा 24 सिलाई मशीनों का वितरण कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास



भी किया गया है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों पर जरूरतमंद परिवारों को सिलाई मशीन भेंट कर सहयोग करें।

मार्च 2026 की पांचवीं पेंशन किस्त के रूप में 30 महिलाओं को राशि प्रदान की गई। वहीं राजभंवर ट्रस्ट द्वारा सभी लाभार्थियों को राशन किट भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लोकेंद्र सिंह राजावत ने कहा कि यह पहल मातृशक्ति को संबल देने का प्रयास है, जिससे उन्हें यह भरोसा मिले कि समाज उनके साथ खड़ा है। अजीत सिंह माथनी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बताते हुए इसकी सराहना की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसीबी) कोटा गोपाल सिंह कानावत ने युवाओं को अधिकाधिक सरकारी सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। शिक्षाविद महेंद्र सिंह चौहान ने शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई, जबकि तरुणा सोलंकी ने हाड़ौती भाषा के संरक्षण पर जोर दिया।

कार्यक्रम में रविन्द्र सिंह भकरावदा, विवेक सिंह क्यारदा कलां, विरेन्द्र सिंह पिथोरागढ़, राजेश सिंह परिहार, टीकम सिंह बालूपा, भवानी सिंह छपावदा, मुकेश सिंह मलारना, हरिओम भदोरिया, महावीर सिंह बैंगना, बुधराज सिंह लोढ़ागुढ़ा , हेमलता कोटड़ादीपसिंह, शंभू सिंह कानावत, गोपाल सिंह भदौरिया, महावीर सिंह शेखावत, अमित सिंह दिबियापुरा, अजमेरा सिंह, भंवर सिंह नाहरगढ़, प्रताप सिंह देंगनी, कमल सिंह कापरेन, दीपेंद्र सिंह धिरोली, रविराज सिंह चमलासा, नरेंद्र सिंह सेंगर, डॉ. बलवीर सिंह, भरत सिंह उनियारा, ब्रजराज सिंह पलायथा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# वर्धमान ग्रुप का 'रंगोत्सव-2026' धूमधाम से संपन्नः 12 नए सदस्यों ने ली शपथ, युवा प्रतिभा अंश जैन का हुआ सम्मान

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं ने बांधा समां; नाटक के जरिए दिया 'बहू भी बेटी है' का सामाजिक संदेश

स्मार्ट हलचल|कोटा

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान' (कोटा) द्वारा देवली अरब रोड स्थित 'डिसेंट स्कूल' परिसर में होली मिलन समारोह 'रंगोत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। मल्टी-कलर ड्रेस कोड में सजे दम्पत्ति सदस्यों ने इस पारिवारिक आयोजन में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और शपथ ग्रहणः

समारोह की शुरुआत दक्षी सूरलाया के मंगलाचरण से हुई। इसके बाद वैभव-रिची सावला और संयोजकों द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। समारोह में कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल जैन ठोरा ने 12 नए दम्पत्ति सदस्यों को 'वर्धमान परिवार' की सदस्यता ग्रहण कराते हुए सामाजिक सेवा की शपथ दिलाई। वहीं, गेमिंग इंडस्ट्री में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले युवा प्रतिभा अंश जैन (सुपुत्र जय-वीणा बागड़िया) का साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान किया गया।



### नाटक से दिया 'बहू भी बेटी है' का संदेशः

कार्यक्रम में नव 'समधन' बनीं सदस्या शशि सरवाडिया और निकिता बाबरिया ने एक हास्य-मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया, जिसके जरिए समाज को 'बहू को भी बेटी के समान स्नेह देने' का गहरा संदेश दिया गया। होली के हास्य-विनोद के तहत लक्ष्मीकांत और सुलोचना बाबरिया को 'महामूर्खाधिराज' के रोचक खिताब से नवाजा गया।


### प्रतियोगिताओं के विजेताः

आयोजन में मेगा हाऊजी सहित कई रोचक खेल हुए। एंट्री गेम में मंजुला हरसोरा प्रथम, संगीता ठोरा द्वितीय और प्रियंका कोटिया तृतीय रहीं। बलून गेम में सोहम जैन और डाइस गेम में सुरेश हरसोरा की टीम ने बाजी मारी।

### महिला कार्यकारिणी की हुई प्रशंसाः

ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश हरसोरा ने शानदार आयोजन के लिए पूरी महिला कार्यकारिणी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक वीणा-जय बागड़िया, इंद्रा जंबू ठाई, शशि-चंद्र प्रकाश सरवाडिया और निकिता-अशोक बाबरिया का अहम योगदान रहा। अंत में ग्रुप अध्यक्ष सीमा अरविंद बागड़िया, सचिव श्वेता नवीन सेठिया और कोषाध्यक्ष प्रियंका महावीर धनोतिया ने सभी सदस्यों और प्रांगण उपलब्ध कराने वाले बागड़िया परिवार का आभार व्यक्त किया।

# 23 वर्ष का सच्चा देश भक्त, इंकलाब जिंदाबाद, जय भगत





सारे देश ने उनके बलिदान को बड़ी गम्भीरता से याद किया। उनके जीवन ने कई हिन्दी फ़िल्मों के चरित्रों को प्रेरित किया। कुछ फ़िल्में तो उनके नाम से बनाई गयीं जैसे - द लीज़ेंड ऑफ़ भगत सिंह। मनोज कुमार की सन् 1965 में बनी फिल्म शहीद भगत सिंह के जीवन पर बनायीं गयी अब तक की सर्वश्रेष्ठ प्रमाणिक फिल्म मानी जाती है। काकोरी कांड में 4 क्रान्तिकारियों को फाँसी व 16 अन्य को कारावास की सजाओं से भगत सिंह इतने अधिक उद्विग्न हुए कि उन्होंने 1928 में अपनी पार्टी नौजवान भारत सभा का हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन में विलय कर दिया और उसे एक नया नाम दिया

भगत सिंह ने राजगुरु के साथ मिलकर 17 दिसम्बर 1928 को लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे अंग्रेज़ अधिकारी जेपी सांडर्स को मारा था। इस कार्रवाई में क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद ने उनकी पूरी सहायता की थी। क्रान्तिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर भगत सिंह ने अलीपुर रोड दिल्ली स्थित ब्रिटिश भारत की तत्कालीन सेण्ट्रल एसेम्बली के सभागार में 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेज़ सरकार को जगाने के लिये बम और पर्चे फेंके थे।

# काश..! आप आज भी होते

**28 सितम्बर, 1907 से 23 मार्च 1931 (23 वर्ष की आयु में फाँसी)**

जन्म स्थल : गाँव बंगा, जिला लायलपुर, पंजाब (अब पाकिस्तान में)
मृत्यु स्थल : लाहौर जेल, पंजाब (अब पाकिस्तान में)

भगत सिंह भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। भगतसिंह ने देश की आज़ादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है। इन्होंने केन्द्रीय संसद (सेंट्रल असेम्बली) में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया। जिसके फलस्वरूप इन्हें 23 मार्च, 1931 को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी पर लटका दिया गया। सारे देश ने उनके बलिदान को बड़ी गम्भीरता से याद किया। उनके जीवन ने कई हिन्दी फ़िल्मों के चरित्रों को प्रेरित किया। कुछ फ़िल्में तो उनके नाम से बनाई गयीं जैसे - द लीज़ेंड ऑफ़ भगत सिंह। मनोज कुमार की सन् 1965 में बनी फिल्म शहीद भगत सिंह के जीवन पर बनायीं गयी अब तक की सर्वश्रेष्ठ प्रमाणिक फिल्म मानी जाती है। काकोरी कांड में 4 क्रान्तिकारियों को फाँसी व 16 अन्य को कारावास की सजाओं से भगत सिंह इतने अधिक उद्विग्न हुए कि उन्होंने 1928 में अपनी पार्टी नौजवान भारत सभा का हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन में विलय कर दिया और उसे एक नया नाम दिया हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन। पहले लाहौर में साण्डर्स-वध और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय असेम्बली में चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन सभी बम धमाकों के लिए उन्होंने वीर सावरकर के क्रांतिदल अभिनव भारत की भी सहायता ली और इसी दल से बम बनाने के गुर सीखे। भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर, 1907 में हुआ था। उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। यह एक सिख परिवार था जिसने आर्य समाज के विचार को अपना लिया था। उनके परिवार पर आर्य समाज व महर्षि दयानन्द की विचारधारा का गहरा प्रभाव था। अधिकांश क्रांतिकारियों को देश प्रेम की प्रेरणा महर्षि दयानन्द के साहित्य व आर्य समाज से मिली। अमृतसर में 13 अप्रैल, 1919 को हुए जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला था। लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर भगत सिंह ने भारत की आज़ादी के लिये नौजवान भारत सभा की स्थापना की थी। काकोरी कांड में राम प्रसाद बिस्मिल सहित 4 क्रान्तिकारियों को फाँसी व 16 अन्य को कारावास की सजाओं से भगत सिंह इतने अधिक उद्विग्न हुए कि पण्डित चन्द्रशेखर आजाद के साथ उनकी पार्टी हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन से जुड़ गये और उसे एक नया नाम दिया- हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन। इस संगठन का उद्देश्य सेवा,त्याग और पीड़ा झेल सकने वाले नवयुवक तैयार करना था। भगत सिंह ने राजगुरु के साथ मिलकर 17 दिसम्बर 1928 को लाहौर में सहायक पुलिस अधीक्षक रहे अंग्रेज़ अधिकारी जेपी सांडर्स को मारा था। इस कार्रवाई में क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आज़ाद ने उनकी पूरी सहायता की थी। क्रान्तिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर भगत सिंह ने अलीपुर रोड दिल्ली स्थित ब्रिटिश भारत की तत्कालीन सेण्ट्रल एसेम्बली के सभागार में 8 अप्रैल 1929 को अंग्रेज़ सरकार को जगाने के लिये बम और पर्चे फेंके थे। बम फेंकने के बाद वहीं पर दोनों ने अपनी गिरफ्तारी भी दी।

## क्रान्तिकारी गतिविधियाँ

उस समय भगत सिंह करीब 12 वर्ष के थे जब जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही भगत सिंह अपने स्कूल से 12 मील पैदल चलकर जलियाँवाला बाग पहुँच गये। इस उम्र में भगत सिंह अपने चाचाओं की क्रान्तिकारी किताबें पढ़ कर सोचते थे कि इनका रास्ता सही है कि नहीं ? गांधी जी का असहयोग आन्दोलन छिड़ने के बाद वे गांधी जी के अहिंसात्मक तरीकों और क्रान्तिकारियों के हिंसक आन्दोलन में से अपने लिये रास्ता चुनने लगे। गांधी जी के असहयोग आन्दोलन को रद्द कर देने के कारण देश के तमाम नवयुवकों की भाँति उनमें भी रोष हुआ और अंतत: उन्होंने देश की स्वतंता के लिये क्रान्ति का मार्ग अपनाना अनुचित नहीं समझा। उन्होंने जुलूसों में भाग लेना प्रारम्भ किया तथा कई क्रान्तिकारी दलों के सदस्य बने। कुछ समय बाद भगत सिंह करतार सिंह साराभा के संपर्क में आये जिन्होंने भगत सिंह को क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने की सलाह दी और साथ ही वीर सावरकर की किताब 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पढ़ने के लिए दी, भगत सिंह इस किताब से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने इस किताब के बाकी संस्करण भी छापने के लिए सहायता प्रदान की, जून 1924 में भगत सिंह वीर सावरकर से येरवडा जेल में मिले और क्रांति की पहली गुरु शिक्षा ग्रहण की, यही से भगत सिंह के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

## लाला जी की मृत्यु का प्रतिशोध

1928 में साइमन कमीशन के बहिष्कार के लिये भयानक प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों में भाग लेने वालों पर अंग्रेजी शासन ने लाठी चार्ज भी किया। इसी लाठी चार्ज से आहत होकर लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गयी। अब इनसे रहा न गया। एक गुप्त योजना के तहत इन्होंने पुलिस सुपरिटेंण्डेण्ट स्कॉट को मारने की योजना सोची। सोची गयी योजना के अनुसार भगत सिंह और राजगुरु लाहौर कोतवाली के सामने व्यस्त मुद्रा में टहलने लगे। उधर जयगोपाल अपनी साइकल को लेकर ऐसे बैठ गये जैसे कि वो ख़राब हो गयी हो। गोपाल के इशारे पर दोनों सचेत हो गये। उधर चन्द्रशेखर आज़ाद पास के डीएवी स्कूल की चहारदीवारी के पास छिपकर घटना को अंजाम देने में रक्षक का काम कर रहे थे। 17 दिसंबर 1928 को करीब सवा चार बजे, स्काट की जगह, एएसपी सॉण्डर्स के आते ही राजगुरु ने एक गोली सीधी उसके सर में मारी जिसके तुरन्त बाद वह होश खो बैठा। इसके बाद भगत सिंह ने 3-4 गोली दाग कर उसके मरने का पूरा इन्तज़ाम कर दिया। ये दोनों जैसे ही भाग रहे थे कि एक सिपाही चनन सिंह ने इनका पीछा करना शुरू कर दिया। चन्द्रशेखर आज़ाद ने उसे सावधान किया - आगे बढ़े तो गोली मार दूँगा।

## 2 साल जेल में

जेल में भगत सिंह ने करीब 2 साल रहे। इस दौरान वे लेख लिखकर अपने क्रान्तिकारी विचार व्यक्त करते रहे। जेल में रहते हुए उनका अध्ययन बराबर जारी रहा। उनके उस दौरान लिखे गये लेख व सगे सम्बन्धियों को लिखे गये पत्र आज भी उनके विचारों के दर्पण हैं। अपने लेखों में उन्होंने कई तरह से पूँजीपतियों को अपना शत्रु बताया है। उन्होंने लिखा कि मजदूरों का शोषण करने वाला चाहें एक भारतीय ही क्यों न हो, वह उनका शत्रु है। उन्होंने जेल में अंग्रेज़ी में एक लेख भी लिखा जिसका शीर्षक था- मैं नास्तिक क्यों हूँ? जेल में भगत सिंह व उनके साथियों ने 64 दिनों तक भूख हड़ताल की। उनके एक साथी यतीन्द्रनाथ दास ने तो भूख हड़ताल में अपने प्राण ही त्याग दिये थे।

## फ़ाँसी

23 मार्च 1931 को शाम में करीब 7 बजकर 33 मिनट पर भगत सिंह तथा इनके दो साथियों सुखदेव व राजगुरु को फाँसी दे दी गई। फाँसी पर जाने से पहले वे लेनिन की नहीं बल्कि राम प्रसाद बिस्मिल की जीवनी पढ़ रहे थे जो सिन्ध (वर्तमान पाकिस्तान का एक सूबा) के एक प्रकाशक भजन लाल बुकसेलर ने आर्ट प्रेस, सिन्ध से छापी थी। कहा जाता है कि जेल के अधिकारियों ने जब उन्हें यह सूचना दी कि उनके फाँसी का वक्त आ गया है तो उन्होंने कहा था- ठहरिये! पहले एक क्रान्तिकारी दूसरे से मिल तो ले। फिर एक मिनट बाद किताब छत की ओर उछाल कर बोले - ठीक है अब चलो।



## अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया

सुखदेव, राजगुरु तथा भगत सिंह के लटकाये जाने की ख़बर - लाहौर से प्रकाशित द ट्रिब्युन के मुख्य पृष्ठ पर। जेल के दिनों में उनके लिखे खतों व लेखों से उनके विचारों का अन्दाजा लगता है। उन्होंने भारतीय समाज में लिपि (पंजाबी की गुरुमुखी व शाहमुखी तथा हिन्दी और अरबी एवम् उर्दू के सन्दर्भ में विशेष रूप से), जाति और धर्म के कारण आयी दूरियों पर दु:ख व्यक्त किया था। उन्होंने समाज के कमजोर वर्ग पर किसी भारतीय के प्रहार को भी उसी सख्ती से सोचा जितना कि किसी अंग्रेज के द्वारा किये गये अत्याचार को। भगत सिंह को हिन्दी, उर्दू, पंजाबी तथा अंग्रेजी के अलावा बांग्ला भी आती थी जो उन्होंने बटुकेश्वर दत्त से सीखी थी। उनका विश्वास था कि उनकी शहादत से भारतीय जनता और उद्विग्न हो जायेगी और ऐसा उनके जिन्दा रहने से शायद ही हो पाये। इसी कारण उन्होंने मौत की सजा सुनाने के बाद भी माफ़ीनामा लिखने से साफ मना कर दिया था।



## एसेम्बली में बम फेंकना

भगत सिंह यद्यपि रक्त पात के पक्षधर नहीं थे परन्तु वे कार्ल मार्क्स के सिद्धान्तों से पूरी तरह प्रभावित थे। यही नहीं, वे समाजवाद के पक्के पोषक भी थे। इसी कारण से उन्हें पूँजीपतियों की मजदूरों के प्रति शोषण की नीति पसन्द नहीं आती थी। उस समय चूँकि अँग्रेज ही सर्वेसर्वा थे तथा बहुत कम भारतीय उद्योगपति उन्नति कर पाये थे, अत: अँग्रेजों के मजदूरों के प्रति अत्याचार से उनका विरोध स्वाभाविक था। मजदूर विरोधी ऐसी नीतियों को ब्रिटिश संसद में पारित न होने देना उनके दल का निर्णय था। सभी चाहते थे कि अँग्रेजों को पता चलना चाहिये कि हिन्दुस्तानी जाग चुके हैं और उनके हृदय में ऐसी नीतियों के प्रति आक्रोश है। ऐसा करने के लिये ही उन्होंने दिल्ली की केन्द्रीय एसेम्बली में बम फेंकने की योजना बनायी थी। भगत सिंह चाहते थे कि इसमें कोई खून खराबा न हो और अँग्रेजों तक उनकी आवाज़ भी पहुँचे। हालाँकि प्रारम्भ में उनके दल के सब लोग ऐसा नहीं सोचते थे पर अन्त में सर्वसम्मति से भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त का नाम चुना गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 8 अप्रैल, 1929 को केन्द्रीय असेम्बली में इन दोनों ने एक ऐसे स्थान पर बम फेंका जहाँ कोई मौजूद न था, अन्यथा उसे चोट लग सकती थी। पूरा हाल धुएँ से भर गया। भगत सिंह चाहते तो भाग भी सकते थे पर उन्होंने पहले ही सोच रखा था कि उन्हें दण्ड स्वीकार है चाहें वह फाँसी ही क्यों न हो; अत: उन्होंने भागने से मना कर दिया। उस समय वे दोनों खाकी कमीज़ तथा निकर पहने हुए थे। बम फटने के बाद उन्होंने इंकलाब! - जिन्दाबाद!! साम्राज्यवाद! - मुर्दाबाद! का नारा लगाया और अपने साथ लाये हुए पर्चे हवा में उछाल दिये। इसके कुछ ही देर बाद पुलिस आ गयी और दोनों को ग़िरफ़्तार कर लिया गया।

## शहीद भगत सिंह - महान क्रांतिकारी और राष्ट्र पुरुष

बड़ी खुशनसीब होगी वह कोख और गर्व से चौड़ा हो गया होगा उस बाप का सीना जिस दिन देश की आजदी के खातिर उसका लाल फांसी चढ़ गया था। हां, आज उसी माँ-बाप के लाल भगत सिंह का जन्?म दिवस है। आज देश भगत सिंह के जन्?म दिन की सौ ?वीं वर्षगांठ मना रहा है। भगत सिंह का जन्?म 28 सितंबर 1907 में एक देश भक ?त क्रांन्तिकारी परिवार में हुआ था। सही कह गया कि शेर कर घर शेर ही जन्?म लेता है। इनका परिवार सिंख पंथ के होने बाद भी आर्यसमाजी था और स्?वामी दयानंद की शिक्षा इनके परिवाद में कूट-कूट कर भरी हुई थी। एक आर्य समाजी परिवेश में बड़े होने के कारण भगत सिंह पर भी इसका प्रभाव पड़ा और वे भी जातिभेद से उपर उठ गए। 9वीं तक की पढ़ाई के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। और यह वही काला दिन था जब देश में जलियावाला हत्?या कांड हुआ था। इस घटना सम्?पूर्ण देश के साथ साथ इस 12 वर्षीय बालक के हृदय में अंग्रेजों के दिलों में नफरत कूट-कूट कर भर दी। जहाँ प्रारम्?भ में भगत सिंह क्रांतिकारी प्रभाव को ठीक नहीं मानते थे वही इस घटना ने उन्?हें देश की आजादी के सेनानियों में अग्रिम पक्ति में लाकर खड़ा कर रही है। यही नही लाला लाजपत राय पर पड़ी एक एक लाठी, उस समय के युवा मन पर पड़े हजार घावों से ज्?यादा दर्द दे रहे थे। भगत सिंह, चन्?द्रशेखर आजाद, बटुकेश ?वर दत्?त और राजगुरु ने पुलिस सुपरिंटेंडेंट सैंडर्स की हत्?या का व्?यूह रचना की और भगत सिंह और राजगुरु के गो ?लियों के वार से वह सैंडर्स गॉड को प्?यारा हो गया। निश्चित रूप से भगत सिंह और उनके साथियों में जोश और जवानी चरम सीमा पर थी। राष्?ट्रीय विधान सभा में बम फेकने के बाद चाहते तो भाग सकते थे किन्?तु भारत माता की जय बोलते हुऐ फाँसी की बेदी पर चढ़ना मंजूर किया और 23 मार्च 1931 हसते हुऐ निम्?न गीत गाते हुये निकले और भारत माता की जय बोलते हुऐ फाँसी पर चढ़ गये।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com